RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 144 • 14:09:2024 • शनिवार • मूल्य : 5/-

## वायरल हो रही पीएम मोदी की 1993 की तस्वीर, दिख रही भारतीयता की झलक

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 1993 की एक तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में गहराई जोड़ने वाली बात यह है कि इसमें एक छोटी तस्वीर है, जिसे मंच पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया है। इस तस्वीर में वासुदेव को गुप्त रूप से नवजात भगवान कृष्ण को एक टोकरी में यमुना नदी के पार ले जाते हुए दिखाया गया है। इसके अलावा, भगवान कृष्ण के चित्र के साथ एक बड़ा 'ओम' प्रतीक दिखाई दे रहा है। हिंदू धर्म में पवित्र ध्वनि, शब्दांश, मंत्र और आह्वान के रूप में व्यापक रूप से पहचाने जाने वाले 'ओम' प्रतीक ने दृश्य के महत्व को और समृद्ध किया है। यह तस्वीर उनकी गहरी देशभक्ति और 'भारतीयता' के प्रति सच्ची प्रतिबद्धता को दर्शाती है। तस्वीर में, युवा नरेंद्र मोदी को एक विदेशी देश में एक मंच से लोगों को संबोधित करते हुए देखा जा सकता है। प्रधानमंत्री मोदी की यह तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल होने का कारण यह है कि यह कांग्रेस नेता राहुल गांधी की हाल ही में विदेशी धरती पर



उपस्थिति से बिल्कुल अलग है, जहां उन पर भारत की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया गया है। अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी द्वारा की गई टिप्पणियों की कड़ी आलोचना हो रही है। भाजपा ने उन पर वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को कम करने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। मोदी आर्काइव, जो अभिलेखीय तस्वीरों, वीडियो, ऑडियो रिकॉर्डिंग, पत्रों, समाचार पत्रों की क्लिप और इसी तरह की सामग्रियों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जीवन यात्रा का वर्णन करता है, ने एक्स पर तस्वीर को इस टिप्पणी के साथ पोस्ट किया, जबकि राहुल बाबा भारत और भारतीयता को बदनाम करने में व्यस्त हैं, यहां हमारे एनएम हैं - हमेशा भारत को अपनी आत्मा में रखते हैं और गर्व से भारतीयता का प्रदर्शन करते हैं।

## पीएम मोदी का जन्मदिन: अजमेर दरगाह में पकेगा 4 हजार किलो मीठा चावल

**अजमेर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर 17 सितंबर को अजमेर दरगाह में दुनिया की सबसे बड़ी देग (कड़ाही) में 4 हजार किलो मीठे चावल पकाए जाएंगे। इसके बाद तैयार मीठे चावल का प्रसाद लोगों में बांटा जाएगा। अजमेर दरगाह के गद्दीनशीन सैय्यद अफसान चिश्ती ने बताया कि पीएम मोदी के जन्मदिन पर इंडियन माइनारिटी और चिश्ती फाउंडेशन ने लंगर करने का निर्णय किया है। इसके लिए 15 वॉलेंटियर्स काम पर लगाए जाएंगे। जन्मदिन से एक दिन पहले कच्ची सामग्री एकत्र होगी। चिश्ती ने बताया कि ऐसा पहली बार होगा, जब किसी प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर दरगाह में लंगर का आयोजन होगा।

**दरगाह में दो बड़ी देग:** चिश्ती ने बताया कि दरगाह में छोटी और



बड़ी दो देग है। बड़ी देग (दुनिया की सबसे बड़ी) में 4800 किलो और छोटी देग में 2400 किलो मीठे चावल पकाए जाते हैं। इसके बाद प्रसाद को लोगों में बांटा जाता है। इसमें केवल शाकाहारी भोजन ही पकाया जाता है।

**मन्नत पूरी होने पर पकवाते हैं देग :** चिश्ती ने बताया कि दरगाह परिसर में मौजूद बड़ी और छोटी देग जायरीन की आस्था से जुड़ी है। बताया जाता है कि मन्नत पूरी होने पर जायरीन अपनी आस्था और क्षमता के अनुसार देग पकवाते और लंगर लगाते हैं। जायरीन देगों में पैसा, ज्वेलरी, शकर, चावल, मेवे अपनी श्रद्धा के अनुसार डालते हैं, ताकि लंगर में उनका भी सहयोग हो सके। वहीं कई लोग पूरी देग ही पकवाते हैं। इसके लिए आवश्यक सामग्री मंगवाकर भेंट करते हैं। इसके लिए बुकिंग होती है। अंजुमन कमेटी की ओर से देग का हर महीने ठेका दिया जाता है। इससे आने वाले पैसे वेलफेयर में खर्च किए जाते हैं।

**हर साल पीएम भेजते हैं उर्स में चादर :** प्रधानमंत्री मोदी की ओर से साल 2014 से ही उर्स के मौके पर हर साल चादर भेजी जाती है। वे दिल्ली में ही दरगाह कमेटी के पदाधिकारी को यह चादर सौंपते हैं। कमेटी पदाधिकारी और भाजपा नेता चादर को दरगाह में पेश करते रहे हैं।

## नौसेना ने लगातार दूसरे दिन दागी वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- भारतीय नौसेना के युद्धपोतों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे
- कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के जहाज या मिसाइल को मार गिराने में सक्षम

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नौसेना के साथ लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को वर्टिकल लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल उड़ान परीक्षण किया। दोनों परीक्षणों में मिसाइल ने समुद्र से आने वाले हवाई खतरे की नकल करते हुए उच्च गति वाले कम ऊंचाई वाले हवाई लक्ष्य को सफलतापूर्वक रोका। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी गई इस मिसाइल को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है। भारतीय नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ



और भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है। यह मिसाइल करीब 12.6 फीट लंबी है। इसका व्यास 7.0 इंच है। डीआरडीओ के अनुसार इसमें हाई-एक्सप्लोसिव प्री-फ्रैगमेंटेड वॉरहेड लगाया जाता है। वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल की रेंज 25 से 30 किलोमीटर है। यह अधिकतम 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक जा सकती है। इसकी गति बराक-1 से दोगुनी है। यह मैक 4.5 यानी 5556.6 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से उड़ती है। इसे किसी भी जंगी जहाज से दागा जा सकता है। इस मिसाइल की तैनाती इसी साल होनी संभावित है। इस मिसाइल की खासियत ये है कि ये 360 डिग्री में घूमकर अपने दुश्मन को खत्म करके ही मानती है। परीक्षण के दौरान डीआरडीओ ने उड़ान मार्ग और वाहन के प्रदर्शन मापदंडों की निगरानी उड़ान डेटा का उपयोग किया। परीक्षण के लिए विभिन्न रेंज उपकरणों राडार, ईओटीएस और टेलीमेट्री सिस्टम को आईटीआर, चांदीपुर ने तैनात किया गया था। डीआरडीओ और भारतीय नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी प्रक्षेपण की निगरानी की। भारतीय नौसेना के जहाजों पर तैनाती से पहले कुछ और परीक्षण किए जाएंगे। एक बार तैनात होने के बाद यह प्रणाली भारतीय नौसेना के लिए बहुउपयोगी साबित होगी। इस मिसाइल की टेस्टिंग इसलिए की जा रही है, ताकि भारतीय युद्धपोतों से बराक-1 मिसाइलों को हटाकर स्वदेशी हथियार लगाया जा सके। बराक-1 मिसाइल इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज और राफेल एडवांस्ड डिफेंस सिस्टम्स ने मिलकर बनाई है।

## संक्षिप्त समाचार

### जो ताकतें देश के खिलाफ चलती हैं राहुल गांधी उनके साथ चलते हैं

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर जम्मू में एक सभा में पूर्व केंद्रीय मंत्री



अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उस बयान पर पलटवार किया, जिसमें उन्होंने बीजेपी नेताओं की तरफ इशारा करते हुए कहा था कि लोकसभा चुनाव 2024 में यदि कांग्रेस की 20 सीटें और आ गई होती तो ये सारे के सारे लोग जेल में होते। अनुराग ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे में कांग्रेस की तानाशाही मानसिकता नजर आती है। खड़गे चुनाव हारने के बाद भी लोकतंत्र और भारत की जनता का अपमान कर रहे हैं। वहीं विदेश में जाकर राहुल गांधी भारत को नीचा दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। राहुल गांधी देश के टुकड़े करने वाले लोगों के साथ नजर आते हैं। बीजेपी देश के टुकड़े करने वालों को जड़ से खत्म करने का काम करती है। कांग्रेस की तानाशाही वाली मानसिकता नहीं चलेगी। इसे देश स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने भारत विरोधी सांसद इल्हान उमर से राहुल गांधी की मुलाकात को देश विरोधी बताया। ठाकुर ने कहा कि जो ताकतें देश के खिलाफ चलती थीं राहुल गांधी उनके साथ चलते हैं। वह भारत विरोधी इल्हान के साथ मुलाकात करते हैं। वहां कौन सा झंडा था। यह लोग क्यों पाक अधिकृत कश्मीर से आए लोगों के और भारतीय समुदाय के हक छीनना चाहते हैं। कांग्रेस पार्टी क्यों आरक्षण को खत्म करना चाहती है। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने राज्य में चुनावों के बीच कश्मीर के अनंतनाग में एक सभा में कहा था कि लोकसभा चुनावों में 400 सीटों का दावा करने वाले लोग 246 सीटों पर आ गए।

### क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन की मेजबानी को तैयार बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अगले सप्ताह अपने डेलावेयर निवास पर क्वाड नेताओं



के चौथे शिखर सम्मेलन की मेजबानी को तैयार है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता ने इसकी जानकारी दी। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में चार देश- ऑस्ट्रेलिया, भारत, जापान और अमेरिका शामिल हैं। भारत इस साल क्वाड की मेजबानी करने वाला था लेकिन अब भारत अगले साल शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। क्वाड नेतृत्व शिखर सम्मेलन बाइडन की पहल है और निवर्तमान अमेरिकी राष्ट्रपति की विदेश नीति से जुड़ी प्रमुख परंपराओं में से एक है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन 21 सितंबर को डेलावेयर के विलमिंगटन में क्वाड नेताओं के चौथे शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने वाले है। राष्ट्रपति ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा का स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रपति बाइडन पहली बार विलमिंगटन में विदेशी नेताओं की मेजबानी करने वाले हैं, यह क्वाड नेताओं में से प्रत्येक के साथ उनके गहरे व्यक्तिगत संबंधों और क्वाड के हमारे सभी देशों के लिए महत्व को दिखाता है।'' उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में क्वाड विदेश मंत्रियों की आठ बार मुलाकात हुई है और क्वाड देशों की सरकारों ने सभी स्तरों पर मुलाकात और समन्वय करना जारी रखा है।

## दिल्ली सीएम को जमानत मिलने पर बीजेपी बोली खुश होने की जरुरत नहीं

## भ्रष्ट केजरीवाल एक दिन झुकेंगे और लोग उनसे इस्तीफा मांगेंगे: भाटिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को ज़मानत दिए जाने पर बीजेपी में



बौखलाहट नजर आने लगी है। वह इसलिए कि अब केजरीवाल हरियाणा में होने वाले चुनाव में प्रचार करने उतरेंगे। इन्हीं सब नजरिए के चलते बीजेपी नेता गौरव भाटिया ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने कट्टर बेईमान, आप संयोजक अरविंद केजरीवाल को फिर से आइना दिखाया है। जो आदेश पारित हुआ है, उसमें भ्रष्टाचारी केजरीवाल को सशर्त जमानत मिली है। आप नेताओं को ज्यादा खुश होने की जरुरत नहीं है। जमानत मिली है आरोप मुक्त नहीं हुए हैं। भाटिया ने कहा कि अन्य आरोपियों के जमानत आदेश की शर्तें अरविंद केजरीवाल पर भी लागू होंगी। केजरीवाल का पासपोर्ट कोर्ट में रहेगा। वह विदेश नहीं जा सकते हैं। वह हर सोमवार और गुरुवार को जांच अधिकारी के सामने पेश होंगे। वह गवाहों को डरा नहीं सकते और साक्ष्य को नष्ट भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केजरीवाल को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए, उनका तर्क है कि मुख्यमंत्री का पद पर बने रहना भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करता है। भाटिया ने कहा कि कोर्ट में उनकी दलील थी कि उनकी गिरफ्तारी अवैध है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अपीलकर्ता की गिरफ्तारी किसी भी अवैधता से ग्रस्त नहीं है। कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के दुष्प्रचार का भंडाफोड़ किया। अरविंद केजरीवाल को किसी भी अदालत से कभी राहत नहीं मिली और न ही कोई आरोप रद्द किया गया है। उन्होंने कहा कि आप को जवाब देना होगा कि अरविंद केजरीवाल इस्तीफा क्यों नहीं दे रहे हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ बीजेपी की जीरो टॉलरेंस है। भ्रष्ट केजरीवाल एक दिन झुकेंगे और लोग उनसे इस्तीफा मांगेंगे। दिल्ली बीजेपी प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा ने अरविंद केजरीवाल से पद छोड़ने का आग्रह करते हुए कहा कि यदि उनमें नैतिकता बची है, तो उन्हें तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। केजरीवाल और आप के पास कोई नैतिक चरित्र नहीं है। वे बहुत दूर हैं। सचदेवा ने आगे कहा कि आज केजरीवाल को जमानत दे दी गई है। आप जमानती क्लब बन गई है और वहां केजरीवाल का स्वागत है। सुप्रीम कोर्ट ने बहुत गंभीर टिप्पणी की है, उसने कहा है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी थी। सचदेवा ने कहा है कि केजरीवाल को सशर्त जमानत मिलना कोई विशेष उपलब्धि नहीं है, मुकदमा चलेगा और उन्हें शीघ्र लम्बी सज़ा मिलेगी। केजरीवाल याद रखें वह अब लालू यादव, मधु कोड़ा जैसे मुख्यमंत्रियों की सूची में आ गए हैं और उन्हें भी जमानत मिली और वह शीघ्र सज़ा पाकर फिर जेल जाएंगे। उन्होंन कहा कि केजरीवाल को जमानत बेशक मिली हो पर उन्हें अब मुख्यमंत्री पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है।

### सख्त शर्तों के साथ केजरीवाल को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट से



जमानत मिल गई है। कथित शराब घोटाले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को अब जेल से बाहर आने का रास्ता साफ हो गया है। इससे पहले, उन्हें ईडी के मामले में भी जमानत मिल चुकी थी। 21 मार्च को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए गए केजरीवाल को सुप्रीम कोर्ट ने जमानत देते हुए कुछ सख्त शर्तें भी लगाई हैं। कोर्ट के आदेश के अनुसार, जमानत के बाद केजरीवाल न तो किसी फाइल पर दस्तखत कर पाएंगे और न ही अपने दफ्तर जा सकेंगे। साथ ही, उन्हें इस मामले में कोई भी सार्वजनिक बयान या टिप्पणी करने से रोक दिया गया है। इन शर्तों का पालन करना उनके जमानत का हिस्सा होगा।

## कुछ लोगों को पता ही नहीं है कि हमारा संविधान क्या कहता है

### उपराष्ट्रपति धनखड़ ने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर साधा निशाना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बिना नाम लिए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों को पता ही नहीं है कि हमारा संविधान क्या कहता है। आरक्षण हमारे संविधान में अंतर्निहित है। यह सकारात्मक कार्रवाई के रूप में है, यह हमारे संविधान का एक जीवंत पहलू है। कुछ लोग इसे हल्के में लेते हैं। उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति अपने होश में यह दावा कैसे कर सकता है कि कोई व्यक्ति अपने ही देश में पूजा स्थल पर नहीं जा सकता? उपराष्ट्रपति धरखड़ ने कहा कि इस बात की निंदा करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं, यह अपनी चरम सीमा पर अनुचित है। उन्होंने कहा कि देश के बाहर हर भारतीय को भारत का



राजदूत बनना होगा। कितना दुखद है कि एक संवैधानिक पद पर बैठा व्यक्ति इसके ठीक उलट काम कर रहा है। इससे ज्यादा निंदनीय, घृणित और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप राष्ट्र के दुश्मनों का हिस्सा बन जाएं। उपराष्ट्रपति का यह बयान बीजेपी द्वारा राहुल गांधी पर निशाना साधने के बाद आया है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता की आदत बन गई है कि वे देश को बांटने की साजिश करने वाली ताकतों के साथ खड़े होते हैं। राहुल गांधी अमेरिका में बयान देते हुए भारत के अंदर आरक्षण और धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में बात करते हैं। अमेरिका यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने वर्जीनिया में एक भाषण दिया था, जहां उन्होंने भारतीय अमेरिकी समुदाय के सैकड़ों लोगों से बातचीत की थी। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा था आरएसएस कुछ धर्मों, भाषाओं और समुदायों को अन्य की तुलना में कमतर मानता है। उन्होंने कहा कि भारत में राजनीति के लिए नहीं बल्कि इस बात की लड़ाई लड़ी जा रही है। लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी या कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। या एक सिख के रूप में वह गुरुद्वारा जा सकते हैं या नहीं। राहुल गांधी के इस बयान पर खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने अपना समर्थन दिया था। राहुल गांधी के बयान को जायज ठहराते हुए पन्नू ने कहा कि राहुल गांधी ने काफी बोल्ड स्टेटमेंट दिया है। उनका ये बयान सिख फॉर जस्टिस के अलग खालिस्तान देश की मांग को जस्टिफाई करता है। पन्नू ने कहा कि भारत में सिखों की हालत पर राहुल गांधी ने जो बयान दिया है वह न केवल साहसिक है बल्कि 1947 के बाद से भारत में सिखों पर हो रहे अत्याचार को दिखाता है। यह पंजाब की आजादी के लिहाज से सिख फॉर जस्टिस के रुख की भी पुष्टि करता है।

### केंद्र ने पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम किया

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलकर श्री विजयपुरम करने का निर्णय लिया है। यह निर्णय प्राचीन श्री विजय साम्राज्य से प्रेरणा लेते हुए क्षेत्र के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को दर्शाता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा, "देश को गुलामी के सभी प्रतीकों से मुक्ति दिलाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प से प्रेरित होकर आज गृह मंत्रालय ने पोर्ट ब्लेयर का नाम 'श्री विजयपुरम' करने का निर्णय लिया है। 'श्री विजयपुरम' नाम हमारे स्वाधीनता के संघर्ष और इसमें अंडमान और निकोबार के योगदान को दर्शाता है। इस द्वीप का हमारे देश की स्वाधीनता और इतिहास में अद्वितीय स्थान रहा है। चोल साम्राज्य में नौसेना अड्डे की भूमिका निभाने वाला यह द्वीप आज देश की सुरक्षा और विकास को गति देने के लिए तैयार है।

## बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति की रक्षामंत्री राजनाथ ने की तारीफ

**एजेंसी। नई दिल्ली**

बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति के अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारत के साझेदार देशों के बीच सहयोग, समन्वय और विश्वास बढ़ाने के लिए बहुराष्ट्रीय अभ्यास तरंग शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह अभ्यास रक्षा संबंधों को मजबूत करने और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बढ़ावा देने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। रक्षामंत्री ने कहा कि तरंग शक्ति के जरिए भारत ने न केवल साझेदार देशों के साथ अपने रक्षा संबंधों



को मजबूत किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि हम जरूरत के समय एक साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्य संस्कृतियां हवाई युद्ध के अनुभव और युद्ध-लड़ाई के सिद्धांत ज्ञान और कौशल के समृद्ध आदान-प्रदान में योगदान करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज, भारतीय वायुसेना सबसे अच्छे और आधुनिक विमानों से सुसज्जित है, जो हमारी प्रगति और क्षमता को दर्शाता है। सिंह ने भारत के रक्षा क्षेत्र में हाल की प्रगति की ओर भी इशारा किया, जिसमें हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और सफ्रान हेलीकॉप्टर इंजन के बीच सहयोग शामिल है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत केवल हथियारों के आयातक से विकसित होकर एक महत्वपूर्ण निर्यातक बन गया है, जिसके रक्षा उपकरण अब करीब 90 देशों में पहुंच रहे हैं।

## एक लाख पुरुषों में से 12 पुरुष करते हैं सालाना आत्महत्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

- चुनौतियों से लडने की बजाय मौत को गले लगा लेते हैं लोग



क्या आपको मालूम है, औसतन एक लाख पुरुषों में से 12 पुरुष आत्महत्या करते हैं तो वहीं सालाना एक लाख में से 5 महिलाएं आत्महत्या करती हैं। इन आंकडों से पता चलता है कि आत्महत्या के मामले में महिलाओं से पुरुष आगे होते हैं। आत्महत्या के कई सामाजिक, मानसिक और आर्थिक कारण हैं। आत्महत्या एक गंभीर समस्या है, और इसे रोकने के लिए मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, सामाजिक मान्यताओं को बदलना, और उचित समर्थन प्रदान करना बहुत जरूरी है। समाज में अक्सर पुरुषों पर परिवार के आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक ज़िम्मेदारियों का अधिक दबाव होता है। उन्हें पारंपरिक रूप से कमाने वाला और समस्याओं का समाधान करने वाला माना जाता है। यह अपेक्षाएं उन्हें मानसिक तनाव में डाल देती हैं, क्योंकि वे अपनी समस्याओं को खुलकर व्यक्त नहीं कर पाते। पुरुषों से समाज में यह अपेक्षा की जाती है कि वे मजबूत बने रहें और भावनात्मक रूप से कमजोर न दिखें। इससे वे अपनी भावनाओं को दबाने लगते हैं और मानसिक समस्याओं को साझा करने में हिचकिचाते हैं। परिणामस्वरूप, मानसिक बीमारियों जैसे डिप्रेशन और चिंता का समय पर इलाज नहीं हो पाता। कई बार पुरुष मानसिक स्वास्थ्य के लिए सहायता लेने से कतराते हैं, क्योंकि समाज में इसे कमजोरी के रूप में देखा जाता है। इसके अलावा, मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी या उनके प्रति जागरूकता की कमी भी इस समस्या को बढ़ा देती है। बेरोजगारी, आर्थिक समस्याएं, और करियर में असफलता पुरुषों पर गहरा असर डालती है। आर्थिक रूप से कमजोर होने का डर, करियर की अनिश्चितता और बढ़ती जिम्मेदारियों का दबाव आत्महत्या के मामलों में योगदान कर सकता है। जब पुरुष अपने जीवन में व्यक्तिगत या पेशेवर विफलताएं झेलते हैं, तो उन्हें आत्मसम्मान में गिरावट महसूस होती है। यह विफलता मानसिक तनाव और आत्महत्या के विचारों को जन्म दे सकती है। कई पुरुष शराब, धूम्रपान, या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करते हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य को और अधिक खराब कर देता है।

## रूस-यूक्रेन जंग का सीधा असर पड़ रहा भारतीय अर्थव्यवस्था पर

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है, मगर इस युद्ध के कारण सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि वैश्विक स्तर पर कई आपूर्ति श्रृंखलाओं बाधित हुई है। इसका सर्वाधिक असर ऊर्जा बाजार में दिख रहा है। यहां भारत के आयात और मुद्रास्फिति पर काफी असर देखने को मिला है। हालाँकि, इन वैश्विक समस्याओं के बाद भी भारत ने अपनी आर्थिक चुनौतियों के प्रबंधन में उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है। मोदी सरकार ने न केवल मुद्रास्फीति के दबावों से निपटा है, बल्कि रणनीतिक कूटनीतिक प्रयासों और स्मार्ट आर्थिक नीतियों के माध्यम से तेल की कीमतों को अपेक्षाकृत स्थिर भी रखा है। फरवरी 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध का वैश्विक व्यापार पर व्यापक प्रभाव पड़ा है। खासकर तेल, गैस, गेहूं और उर्वरक के क्षेत्र में। रूस दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादकों में से एक है, लेकिन जैसे ही पश्चिमी देशों ने उस पर प्रतिबंध लगाए, वैश्विक तेल आपूर्ति कम हो गई। रूसी ऊर्जा पर यूरोपीय देश अधिक निर्भर रहते हैं, जिन्होंने विकल्प खोजने की शुरुआत भी कर दी है।

## लंबित मामलों के निपटान के लिए अक्टूबर में विशेष अभियान चलाएगा सड़क परिवहन मंत्रालय

**नई दिल्ली।** पिछले वर्षों की तरह सरकार ने 2 से 31 अक्टूबर तक लंबित मामलों के निपटान और स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सचिव (सड़क परिवहन और राजमार्ग) और एमओआरटीएंडएच, एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्वच्छता अभियान की तैयारियों की समीक्षा की और निर्देश दिया कि 2 अक्टूबर से शुरू होने वाले लंबित मामलों के निपटान के लिए विशेष अभियान 2024 पर विशेष ध्यान दिया जाए। अभियान के मापदंडों में सांसदों, प्रधानमंत्री कार्यालय, राज्य सरकारों, अंतर-मंत्रालयी संदर्भों, संसदीय आश्वासनों, लोक शिकायतों और अपीलों का निपटान, नियमों व प्रक्रियाओं का सरलीकरण, रिकॉर्ड प्रबंधन, स्क्रैप और अनावश्यक वस्तुओं का निपटान, कार्यालयों का सौंदर्यीकरण और स्वच्छता अभियान शामिल हैं।

# बिहार में पांच लाख गाड़ियां डिफॉल्टर, एक हजार करोड़ बकाया

**मुजफ्फरपुर।** बिहार में टैक्स डिफॉल्टर वाहनों की संख्या पांच लाख से अधिक हो गई है। इन पर राज्य सरकार का लगभग एक हजार करोड़ रुपये टैक्स बकाया है। दो वर्ष पहले तक इनकी संख्या लगभग चार लाख थी। परिवहन विभाग अब कार्रवाई के मूड हैं लेकिन इन्हें सरकार टैक्स जमा करने का अवसर दे रही है। उन्हें टैक्स में राहत भी मिलेगा। कहा गया है कि वाहन मालिक इसका लाभ उठाकर बकाया टैक्स का भुगतान कर दें। परिवहन विभाग ने इसके लिए उन्हें 31 मार्च 2025 तक की मोहलत दी है। कैबिनेट ने भी इस पर सहमति दे दी है। सूबे में निबंधित एवं विभिन्न कारणों से कर प्रमादी (टैक्स डिफॉल्टर) होने वाले सभी वाहनों को राहत दी जाएगी। ऐसे परिवहन या गैर परिवहन वाहन, ट्रैक्टर-ट्रैलर, बैट्री चालित यान को बकाया रोड टैक्स, हरित कर एक मुश्त जमा करने पर अर्थदंड से मुक्ति या दंड में कमी का लाभ मिलेगा। इस में प्रावधान किया गया है कि वाहन व्यावसायियों द्वारा बकाये व्यापार कर और अस्थायी निबंधन की फीस एक मुश्त जमा करने पर उन्हें भी छूट का लाभ मिलेगा। इस निर्धारित अवधि में टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहन मालिकों को टैक्स पर 200 से 300 फीसदी का अतिरिक्त दंड देना पड़ेगा। डिफॉल्टर वाहनों का कर एवं अर्थदंड नहीं जमा करने पर जिला



परिवहन पदाधिकारी कार्रवाई करेंगे। इन वाहनों से कर एवं अर्थदंड की वसूली के लिए सभी जिलों में जिला परिवहन पदाधिकारी, एमवीआई और ईएसआई विशेष अभियान चलाएंगे। डिफॉल्टर वाहन मालिक के खिलाफ नीलाम पत्रवाद भी दायर होगा और कर वसूली भी होगी। वाहन भी जब्त हो सकते हैं।

**एकमुश्त 30 हजार जमा करने पर अर्थदंड से सर्वक्षमा :** जिन टैक्स डिफॉल्टर टैक्टर-ट्रेलर का पथकर बकाया है उन्हें एकमुश्त 30 हजार रुपए जमा करने पर शेष देय कर, अर्थदंड से सर्वक्षमा दी जाएगी। वहीं टैक्स डिफॉल्टर सभी प्रकार के अस्थायी निबंधन सहित तमाम निबंधित वाहन और टैक्टर-ट्रेलर एवं उत्सर्जन मानक के अनिबंधित वाहनों को छोड़कर अन्य सभी प्रकार के अनिबंधित वाहन, इलेक्ट्रिक वाहन का पथ कर बकाया उन्हें देय मूल पथकर एवं 30 प्रतिशत अर्थदंड जमा करने पर शेष अर्थदंड से मुक्ति दी जाएगी।

**अस्थायी निबंधन फीस जमा करने पर अर्थदंड नहीं :** टैक्स डिफॉल्टर सभी प्रकार के वाहन जिनका हरित कर बकाया है, उन्हें देय मूल हरित कर एवं 30 प्रतिशत अर्थदंड जमा करने पर शेष अर्थदंड से विमुक्ति मिलेगी। बिना अस्थायी निबंधन के बेचे गये वाहन जिनका अस्थायी निबंधन की फीस बकाया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दर्जनों महिलाओं से 40 लाख से अधिक की ठगी

**किशनगंज।** किशनगंज सदर प्रखंड के बेलवा में दर्जनों महिलाओं से लगभग 40 से 50 लाख रुपए तक की ठगी का मामला सामने आया है। जहां एक महिला सभी से ठगी कर फरार हो गई। घटना सामने आने के बाद से शहर में चर्चा का विषय बन गया। सभी महिलाएं मामले को लेकर गुरुवार को पूर्व जेडीयू विधायक मुजाहिद आलम के आवास पर पहुंची और घटना के बारे में बताया। पीड़ित महिलाओं ने बताया कि गांव की ही एक महिला शमसा बेगम ने उनसे प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के मरम्मती का रूपया मिलने के नाम पर उनका आधार कार्ड लिया था, जिसे बाद में लौटा दिया गया। कुछ दिन बाद ही बैंक के रिकवरी एजेंट का फोन आने लगा कि आपके लोन का रुपया बकाया है। महिलाओं ने जब पता किया तो उनके ऊपर लाखों रुपए का कर्ज जो की उन्होंने लिया ही नहीं है। उक्त महिलाएं काफी गरीब है और अब बैंक एजेंट के जरिए महिलाओं को बताया गया कि किसी के ऊपर 40 हजार का तो किसी के ऊपर एक लाख का कर्ज है। ये सुनकर सभी महिलाएं काफी परेशान हैं और उनका रो रोकर बुरा हाल है. वार्ड सदस्य गुलाब साह ने बताया कि एजेंट की मिलीभगत से सारे खेल को अंजाम दिया गया है। उन्होंने कहा कि थाना में आवेदन दिया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### नेपाल में बना 17.50 लाख का प्रोडक्ट पटना में बरामद

**पटना।** पटना में सीमा शुल्क की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने पटना के जीरो माइल से 17.50 लाख का विदेशी सामान जब्त किया है। सीमा शुल्क ने गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की है। सीमा शुल्क पटना की टीम ने जीरो माइल पर छापेमारी कर करीब 17 लाख 50 हजार का विदेशी सामान जब्त किया है। जब्त सामान नेपाल में बना हुआ है। जब्त सामान में ग्लो एडं लवली, वेसलीन डीप मौसचराइचर और क्लोजअप है। सभी सामान यूनिलीवर नेपाल लिमिटेड नेपाल में बनाता है। इन सभी प्रोडक्ट पर नेपाल का दाम लिखा हुआ है। साथ ही उन्हें सिर्फ नेपाल में ही बेचने की इजाजत है, लेकिन नेपाल से यह सामान तस्करी कर पटना लाया गया था। इसे पटना में ही कहीं खपाना था। आयुक्त सीमा शुल्क (निवारण) डॉ. यशोवर्धन पाठक ने बताया कि तस्करी के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यह कई दिनों से चल रहा है। इसी ऑपरेशन में मोतिहारी में भी विदेशी सामान बरामद किया गया था। तस्कर पूर्वोत्तर क्षेत्र से ट्रेन, बस या अन्य माध्यमों से अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी समानों को पटना लाती है। यहां से सामान कई जगह भेज दिया जाता है।

### साइकिल चोरी के आरोप में चोर को बांधकर पीटा

**अररिया।** अररिया के पलासी थाना क्षेत्र के पलासी बजार में एक युवक को चोरी के आरोप में पकड़ कर स्थानीय दुकानदारों ने उसे बिजली के खंभे से बांधकर पिटाई कर दी। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने पर पलासी थाना पुलिस ने बंधक बनाकर चोर के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर मुख्य आरोपी मो निसार को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही अन्य आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी को लेकर जांच की जा रही है। मामले को लेकर अररिया एसपी कार्यालय से प्रेस रिलीज जारी की गई। जिसमें बताया गया कि 11 सितंबर को रात करीब- 9 बजे पलासी थाना क्षेत्र के पलासी बाजार मे एक युवक को चोरी के आरोप में कुछ लोगों एक युवक को पकड़ लिया। जिसके बाद उसे खंभे से बांधकर जमकर मारपीट की गई। इस मामले में वीडियो सामने आने के बाद मामला पलासी थाने केस दर्ज किया गया। मामले में कार्रवाई करते हुए पलासी थाना के पुलिस पेट्रोलिंग टीम ने मौके पर पहुंची और बंधक बनाए गए युवक मो0 नौसर, को मुक्त कराया। वहीं उससे पूछताछ में पता चला की मोहम्मद नौसर ने 10 सितंबर को एक कपड़ा दुकान के स्टाफ की कुछ दिन पहले साइकिल चोरी की थी। जिसका सीसीटीवी फुटेज देख उसकी पहचान कर लिया गया। 11 सितंबर को आरोपी नौसर फिर वहां पहुंचा जहां उसे देखकर दुकानदारों ने पकड़ कर लिया और मारपीट करते हुए बिजली के खंभे से बांधकर अमानवीय कृत किया गया। जिसके बाद अमानवीय कृत करने वाले आरोपियों के विरुद्ध पलासी थाना अंतर्गत कांड दर्ज कर मुख्य आरोपी मो निसार को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सबौर के पुरानी मसाढ़ू में ग्रामीण पीसीसी सड़क का कटाव जारी

**भागलपुर, एजेंसी।** सबौर प्रखंड क्षेत्र के ममलखा पंचायत स्थित पुरानी मसाढ़ू वार्ड नंबर एक और दो में गंगा कटाव जारी है। बुधवार की देर रात ग्रामीण पीसीसी सड़क लगभग 50 फीट तक गंगा कटाव में समा गई। इसके अलावा गुरुवार को भी रुक-रुक कर दोनों वार्ड में कटाव जारी रहा। अब तक दोनों वार्ड में लगभग 300 फीट से अधिक ग्रामीण पीसीसी सड़क गंगा कटाव में समा चुकी है। आंगनबाड़ी केंद्र भवन भी कटाव की चपेट में आ गया। वहीं 150 फीट लंबा 100 फीट चौड़ा खेत भी कट चुका है। बाढ़ नियंत्रण विभाग की ओर से गंगा कटाव रोधी काम करवाई जा रही है, लेकिन कटाव रुकने का नाम नहीं ले रहा है। पुरानी मसाढ़ू निवासी वार्ड सदस्य अनिल कुमार ने कहा कि गंगा कटाव लगातार जारी है। ग्रामीण सड़क के साथ-साथ खेत भी कट चुकी है। अब गांव के कई घर कटाव की जद में हैं। भागलपुर प्रमंडलीय बाढ़ नियंत्रण विभाग के कनिय अभियंता आलोक कुमार ने कहा कि कटाव कम हो रही है।

## अब गंगा के रास्ते जाइए विदेश

# पटना के राजमहल क्रूज का लीजिए मजा, कई सुविधाओं से है लैस



**पटना सिटी, एजेंसी।** पांच सितारा होटल जैसी सुविधाओं और भारतीय संस्कृति एवं कलाकृति से सुसज्जित विशालकाय क्रूज कोलकाता से आठ विदेशी पर्यटकों को लेकर गंगा के रास्ते गुरुवार को पटना पहुंचा। इसे गायघाट स्थित भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण के बंदरगाह के पूरब कंगन घाट के समीप बीच गंगा में रोका गया। इनमें से दो पर्यटक पटना में उतर गए।

शुक्रवार को पटना से इस क्रूज पर बेलजियम, यूएसए, न्यूजीलैंड, फ्रांस, आस्ट्रेलिया के 16 पर्यटक सवार होकर जलमार्ग से बनारस के लिए रवाना होंगे। इन विदेशी मेहमानों को मार्ग में कई जगहों पर उतार कर बिहार के इतिहास, लोक कला, परंपरा, संस्कृति तथा धार्मिक महत्व वाले स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा।

आइडब्लूएआइ के मुख्य अभियंता सह निदेशक एल के रजक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत गंगा में विकसित हुए जलमार्ग संख्या एक में यात्री एवं मालवाहक जहाजों का परिचालन बढ़ा है। देश-विदेश के पर्यटक अब गंगा के रास्ते बिहार पहुंच कर यहां की ऐतिहासिकता एवं संस्कृति से परिचित हो रहे हैं। मनेर, बक्सर, गाजीपुर का भ्रमण कर पांच दिनों की यात्रा के बाद क्रुज राजमहल विदेशी पर्यटकों को लेकर बनारस पहुंचेगा।

दो मंजिला क्रुज राजमहल में 40 पर्यटकों के लिए राजशाही ठाठ-बाट उपलब्ध है। 51 मीटर लंबा यह क्रुज पूरी तरह से वातानुकूलित है। 22 केबिन वाले इस क्रुज में 18 डबल कमरे और चार सिंगल कमरे हैं। एक सैलून, लान, सन डेस्क, बियर बार, वाईफाई सुविधा है। जहाज के केबिन में बिहार की मधुबनी पेंटिग को जगह दी गई है।

## पति से हुआ झगड़ा तो पत्नी ने दो बेटियों के साथ खाया जहर, तीनों की मौत

**मोतिहारी, एजेंसी।** बिहार के पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले से घरेलू विवाद में सामूहिक आत्महत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना मलाही थाना इलाके के ममरखा गांव की है। गुरुवार दोपहर को 33 वर्षीय महिला ने अपनी दो मासूम बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे दी। मृतका महिला की पहचान सुगावती देवी के रूप में हुई है। बुधवार रात को उसकी अपने पति भोला राम से झगड़ा हो गया था। इसी से आहत होकर उसने अपनी दोनों बच्चियों के साथ जान दे दी। घटना के वक्त महिला का 13 साल का बेटा घर से बाहर था, तो वो बच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार, महिला सुगावती देवी का पति दूसरे राज्य में रहकर मजदूरी करता है। वह कुछ समय पहले गर आया था और वापस काम पर बाहर जाना चाहता था। मगर उसकी पत्नी ऐसा नहीं चाहती थी। इसी बात को लेकर बुधवार रात पति-पत्नी में विवाद हो गया। इसके बाद गुरुवार दोपहर में महिला सुगावती देवी ने अपनी पांच साल की बेटी परी कुमारी और सात साल की पुत्री उजाला को जहर खिलाकर खुद भी जहरीला पदार्थ खाल लिया। तीनों की तबीयत बिगड़ने लगी। इसकी जानकारी मिलते ही पति भोलाराम अपनी पत्नी और दोनों बेटियों को पहाड़पुर के सहटा के पास स्थित एक निजी अस्पताल में लेकर गया। वहां इलाज के दौरान मां और एक बेटी की मौत हो गई। दूसरी पुलिस को आते देख भोला राम दोनों के शव अस्पताल में छोड़कर ही फरार हो गया। वहीं दूसरी बेटी को गंभीर हालत में पहाड़पुर पीएचसी भेजा गया, वहां से बेतिया रेफर कर एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मगर उसने भी वहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

## राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में धोखाधड़ी रोकने के उठाए कदम



**नालंदा।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण ने राज्यस्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिताओं में आयु संबंधी धोखाधड़ी रोकने के लिए कड़े कदम उठाने का फैसला किया है। नालंदा जिला खेल कार्यालय की ओर से जारी एक आदेश में कहा गया है कि आगामी 2024-25 सत्र की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित खिलाड़ियों का आयु और आधार सत्यापन किया जाएगा। यह कदम अपर पुलिस महानिदेशक, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के एक पत्र के जवाब में उठाया गया है, जिसमें उम्र संबंधी धोखाधड़ी के मामलों पर चिंता व्यक्त की गई थी। पत्र में कहा गया था कि कुछ खिलाड़ी, जो विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, विद्यालय खेलों में भी भाग ले रहे हैं, जो नियमों का उल्लंघन है। नालंदा के जिला खेल पदाधिकारी ने इस संबंध में एक विस्तृत आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि खिलाड़ियों के आवेदनों की गहन जांच की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर संबंधित विद्यालयों से सीधे संपर्क कर या विद्यालय भ्रमण कर जांच सुनिश्चित की जाएगी। आदेश की प्रतिलिपि सभी को भेज दी गई है आदेश की प्रतिलिपि सभी संबंधित खिलाड़ियों, निजी और सरकारी विद्यालयों के प्राचार्यों, जिला समन्वयक, स्थायी आधार केंद्र, और बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के अधिकारियों को भेजी गई है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस आदेश का कड़ाई से पालन हो। खेल जगत से जुड़े लोगों का मानना है कि यह कदम राज्य के खेल परिदृश्य में एक नए युग की शुरुआत हो सकती है, जहां प्रतिभा और मेहनत को उचित सम्मान मिलेगा।

## कमरा मोहल्ला से निकला ऊंटों पर अमारी के साथ जुलूस

**मुजफ्फरपुर।** कमरा मोहल्ला इमामबाड़ा से गुरुवार को अमारी का जुलूस निकाला गया। इसमें हजरत इमाम हसन अस्करी का ताबूत, हजरत अब्बास का अलम, हजरत अली असगर का झूला और काला ताजिया बरामद किया गया। ऊंट पर अमारी का जुलूस निकाला गया। कमरा मोहल्ला इमामबाड़ा मैदान से निकलकर जुलूस गोला रोड कब्रिस्तान पहुंचा, जहां नौहा मातम और कर्बला के शहीदों को आखिरी सलाम पेश किया गया।

जुलूस से पहले इमामबाड़ा में मजलिस को मौलाना सैयद निहाल हैदर ने खिताब किया। उन्होंने नबी के नवासे हजरत इमाम हुसैन की शहादत का जिक्र किया। बताया कि शहादत के बाद यजीद ने सभी को कैद कर लिया था और उन पर जुल्मो सितम किया। आज ही के दिन लुटा हुआ काफिला मदीना पहुंचा था। बीवी जैनब ने अपने नाना की कब्र पर कर्बला में हुए जुल्म को रो-रो कर बयान किया था। जुलूस में अमारी के साथ सियाह ताजिया, हजरत अब्बास का अलम, शबीहे ताबूत और हजरत अली असगर के झूला की भी जियारत कराई कई। इमामबाड़ा के बाहर सैयद मोहम्मद बाकर ने जुलूस को खिताब किया, वहीं मैदान में मशहूर खतीब तनवीर रजा विक्टर ने तकरीर किया। प्रोफेसर टूटू साहब के मोड़ पर मौलाना मो. कासिम कुम्मी ने शहादत इमामे हुसैन और उनके अहले हरम की मदीना वापसी का वर्णन पेश किया।

# पीएम आवास योजना के लाभार्थियों की नई लिस्ट तैयार होगी

**पटना।** बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नए लाभार्थियों के नाम जोड़े जाएंगे। इसके लाभुकों की नई लिस्ट तैयार की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों में जल्द सर्वे शुरू होगा और उसके आधार पर ही नई सूची बनेगी। बिहार में करीब पांच सालों के बाद पीएम आवास की लिस्ट तैयार होगी। इसको लेकर ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिलों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए हैं। विभाग ने आवास योजना में नए योग्य लोगों के नाम जोड़े जाने की सहमति केंद्र सरकार से मांगी थी। केंद्र की अनुमति मिलते ही विभाग इसकी तैयारी में जुट गया है। ग्रामीण विकास विभाग के आवास सहायकों द्वारा योग्य लाभुकों का चयन किया जाएगा। सभी लाभुकों के नाम ऑनलाइन जुड़ेंगे। विभागीय पदाधिकारी बताते हैं कि आधार नंबर के साथ लाभार्थियों की सूची तैयार की जाएगी। आवास सहायक सभी गांवों में घर-घर जाकर सर्वे करेंगे। वह योग्य लाभुकों की ऑन स्पॉट तस्वीर भी मोबाइल से लेंगे। इसके साथ ही सर्वे में लगाये जाने वाले कर्मियों का पंजीयन कराया जाएगा। इनके मोबाइल से ली गई तस्वीर ही मान्य होगी। अंत में ग्राम सभा का आयोजन कर पीएम आवास के लाभार्थियों की सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा। आठ साल में बने हैं 36.60 लाख आवास प्रधानमंत्री



आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत बिहार में पिछले आठ सालों में 36 लाख 60 हजार से अधिक मकान बने हैं। वित्तीय वर्ष 2016-17 से अब-तक 37 लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार द्वारा दी गई। इस तरह 99 प्रतिशत आवास बन गए हैं। शेष बचे आवासों का निर्माण जारी है। देशभर में सबसे अधिक इस योजना के तहत बिहार में ही आवासों का निर्माण हुआ है। बिहार के एक लाख लाभार्थियों को जल्द मिलेगी पहली किस्त पूर्व में बनी सूची से अभी 13 लाख 55 हजार लोगों के आवास बनना शेष हैं। इनमें चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में दो लाख 43 हजार के आवास निर्माण की स्वीकृति केंद्र सरकार ने दी है। साथ ही केंद्र ने विभाग को यह भी आश्वस्त किया है कि अगले दो-तीन साल में पूर्व में बनी सूची में दर्ज सभी 13 लाख 55 हजार के आवास निर्माण की स्वीकृति दे दी जाएगी। इसके बाद नई सूची के आधार पर आवास निर्माण की कार्रवाई होगी। इधर, जिन 2.43 लाख की स्वीकृति इस साल दी गई है, उनमें एक लाख लाभुकों के खाते में 15 सितंबर को पहली किस्त का भुगतान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा।

# बिहार में विधानसभा चुनाव की तैयारियां शुरू

**पटना।** बिहार विधानसभा का कार्यकाल नवंबर 2025 तक है। लेकिन निर्वाचन विभाग ने विधानसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। इस बार मतदाता पुनरीक्षण का कार्य महत्वपूर्ण होगा। विधानसभा चुनाव के लिए मतदान केंद्रों की संख्या इसी सूची के आधार पर तय होगी। बड़ी संभावना है कि हर विधानसभा क्षेत्र में बूथ बदले जाएंगे। नए भी बनेंगे। आयोग, एक जनवरी 2025 को कट ऑफ डेट मानकर मतदाता सूची तैयार कर रहा है। यानी एक जनवरी को जो 18 साल के हो जाएंगे, उनका नाम वोटर लिस्ट में जुड़ जाएगा। निर्वाचन विभाग की ओर से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को बीएलओ के साथ नियमित बैठक कर लगातार समीक्षा का निर्देश दिया गया है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक और सबसे कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों का अध्ययन निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) कर रहे हैं। इनका काम उन कारणों का पता लगाना है, जिससे कम वोटिंग हुई। सभी 243 सीटों पर समानांतर



सर्वे भी चल रहा सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे कम और सबसे अधिक मतदान वाले बूथों को चिन्हित कर सर्वे किया जा रहा है। ऐसे बूथों पर रिपोर्ट के आधार पर विशेष कार्रवाई होगी। लोकसभा चुनाव में वोटिंग की स्थिति टॉप-10 क्षेत्र:2019 की तुलना 2024 में कम वोटिंग हुई काराकाट, जहानाबाद, हाजीपुर, पाटलिपुत्र, सासाराम, बक्सर, नालंदा, पटना साहिब, वैशाली और मुंगेर। टॉप-10 क्षेत्र:2019 की तुलना 2024 में अधिक वोटिंग हुई नवादा, बांका, जमुई, कटिहार, बेगूसराय, भागलपुर, किशनगंज, गोपालगंज, औरंगाबाद और गया। जहां कम वोट वहां वोटिंग बढ़ाने पर विशेष फोकस होगा। वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने-सुधार का काम 2 चरणों में 20 अगस्त से शुरू हुआ है। 18 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान सभी बीएलओ के माध्यम से घर-घर जाकर मतदाता का सत्यापन, मतदान केंद्रों को चिह्नित करने, एपिक में गड़बड़ियों को दूर करने के साथ धुंधली तस्वीर में सुधार करना है। इसके तहत परिवार के सदस्यों का नाम एक ही प्रभाग में दर्ज करने, मतदाताओं की मतदान केंद्र से दूरी 2 किमी से कम रखने, मृत और दोहरीकरण प्रविष्टियों को हटाने, छूटे और भावी मतदाताओं का नाम जोड़ने सहित अन्य कार्रवाई होगी। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा 2 नवम्बर, 3 नवम्बर, 23 नवम्बर और 24 नवम्बर को विशेष अभियान की तारीख निर्धारित की गई है। : प्रारूप प्रकाशन के बाद होगा। दावा-आपत्तियों का 24 दिसंबर तक निष्पादन किया जाएगा। 6 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

# तीर्थ यात्रियों को 200 एमएल गंगाजल मुफ्त देगा जिला प्रशासन



**गया।** गया में 17 सितंबर से पितृपक्ष मेला शुरू होने जा रहा है। शासन-प्रशासन की ओर से तैयारी की जा रही है। देश-विदेश से आने वाले तीर्थ यात्रियों को पिंडदान करने के बाद जब वह वापस लौटेंगे तो उन्हें उपहार स्वरूप गंगाजल का दिया जाएगा। ताकि वे तीर्थ यात्री अपने घर गंगाजल ले जाएं और उसे पूजा पाठ से जुड़े विधि विधान में प्रयोग कर सकें। गौरतलब है कि पितृपक्ष मेला शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मेला क्षेत्र में तैयारी का जायजा लेने के लिए पहुंचे थे। मेला क्षेत्र के जायजा लेने के बाद गया समाहरणालय के सभागार में सभी विभागों के अधिकारी, अन्य समाज सेवियों व गयापाल पण्डा के साथ बैठक की थी। नीतीश कुमार ने बैठक में कहा था कि इस बार तीर्थ के लिए गंगाजल का पैकेट उपहार स्वरूप दिया जाए। यह एक अच्छा संदेश भी जाएगा। पैकेजिंग होने के बाद 17 सितंबर से मेला क्षेत्र में सरकारी स्टॉल लगाया जाएगा जहां से गंगाजल तीर्थ यात्रियों के बीच वितरण किया जाएगा। 10 हजार तीर्थ यात्रियों को गंगाजल दिया जाएगा आदेश में कहा गया है कि एक दिन में कम से कम 10 हजार तीर्थ यात्रियों को गंगाजल उपहार स्वरूप दिया जाएगा। हालांकि इसको लेकर मगध दूध उत्पादक सुधा डेयरी के अधिकारियों ने अपने कर्मचारियों के साथ बैठक की है। इसकी तैयारी में भी वे जुट गए है। लेकिन गंगा का जल शीशी में या फिर जार में या फिर पालीथिन में पैकड होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### होटल से निकल रही युवती से मोबाइल की छीनतई

**पटना।** पटना सिटी के मंगल तालाब स्थित एक होटल से निकल रही युवती का मोबाइल छीनकर एक युवक फरार हो गया। युवती ने इसकी शिकायत 112 टीम को दी। सूचना मिलने के बाद 112 की टीम मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने इस मामले में होटल के मैनेजर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। डायल-112 के पुलिसकर्मी अमित कुमार ने बताया कि एक युवती के साथ दो युवक कमरे में ठहरे थे। शुक्रवार को बाहर निकलने के दौरान आपसी विवाद में एक युवक, युवती का मोबाइल लेकर मौके से फरार हो गया। वहीं चौक थाने की पुलिस होटल के मैनेजर को हिरासत में लेकर यह पूछताछ करने में जुटी है कि आखिर जिस युवती को वह होटल में रूम दिया गया था, क्या उसका डिटेल मेंटेन रजिस्टर में दर्ज किया गया था। इसके अलावा पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि आखिर किस आधार पर एक युवती के साथ दो युवक को एक कमरे में ठहरने की इजाजत दी गई। पुलिस होटल मैनेजर को भी संदेह के घेरे में लेकर देख रही है। घटना के बारे में बताया जा रहा है कि पटना सिटी के मंगल तालाब स्थित एक होटल में गुरुवार की देर शाम दो युवक और एक युवती एक कमरा बुक कर रात में ठहरे थे। शुक्रवार की सुबह युवती कहीं घूमने के लिए ओला बुक की थी। जैसे ही युवती होटल से बाहर निकल रही थी, इसी दौरान एक युवक उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया। युवती ने इसकी सूचना 112 के टीम को दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरा खंगालने में जुट गई है। वहीं कैब ड्राइवर शंकर मेहता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह युवती के द्वारा गाड़ी बुक किया गया था। पहले उन्हें 10 मिनट तक वेट कराया गया। इसके बाद युवती जैसे ही होटल से बाहर निकली युवक उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गया।

### दिल्ली से पटना आने वाले रेल यात्री ध्यान दें !, मगध, तेजस राजधानी, श्रमजीवी, पूर्वा एक्सप्रेस में खाली हैं सीटें

**पटना।** दुर्गापूजा, छठ और दिवाली को लेकर ट्रेनों में काफी भीड़ चल रही है। दिल्ली से पटना आने वाले यात्री कंफर्म टिकट को लेकर परेशान हैं। इसको लेकर परेशान यात्रियों को सही और सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही है। ऐसे में आप जान लीजिए कि दिल्ली से पटना आने वाली मगध एक्सप्रेस, सम्पूर्ण क्रांति एक्सप्रेस, तेजस राजधानी एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, पूर्वा एक्सप्रेस में कुछ कुछ सीटें खाली हैं, जिसे आप बुक कर सकते हैं।



**ट्रेन संख्या-12304 (नई दिल्ली-हावड़ा, पूर्वा एक्सप्रेस)-:** इस ट्रेन में 2 नवंबर तक एक भी सीट नहीं है। वेटिंग चल रहा है। 7 नवंबर को क्लास 1A में एक सीट और 13 नंबर को 2 सीट एवलेवल है। 17, 20, 21, 23 नवंबर को 2-2 सीट खाली है। यह ट्रेन भी पटना होकर गुजरती है। इस ट्रेन में 2 नवंबर तक वेटिंग चल रही है। हालांकि 20 अक्टूबर को क्लास 1A में WL 04 चल रहा है। अभी टिकट लेते हैं तो कंफर्म होने के चांसेज अधिक हैं। क्लास 2A में WL 10 है। क्लास 3A में WL 34 है। क्लास 3E में WL 13 है। स्लीपर कोच में GNW 44 है। इस ट्रेन में 2 नवंबर तक एक भी सीट खाली नहीं है।

### नेपाल में बना 17.50 लाख का प्रोडक्ट पटना में बरामद

**पटना।** पटना में सीमा शुल्क की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने पटना के जीरो माइल से 17.50 लाख का विदेशी सामान जब्त किया है। सीमा शुल्क ने गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की है। सीमा शुल्क पटना की टीम ने जीरो माइल पर छापेमारी कर करीब 17 लाख 50 हजार का विदेशी सामान जब्त किया है। जब्त सामान नेपाल में बना हुआ है। जब्त सामान में ग्लो एडं लवली, वेसलीन डीप मौसचराइचर और क्लोज़अप है। सभी सामान यूनिलीवर नेपाल लिमिटेड नेपाल में बनाता है। इन सभी प्रोडक्ट पर नेपाल का दाम लिखा हुआ है। साथ ही उन्हें सिर्फ नेपाल में ही बेचने की इजाजत है, लेकिन नेपाल से यह सामान तस्करी कर पटना लाया गया था। इसे पटना में ही कहीं खपाना था। आयुक्त सीमा शुल्क (निवारण) डॉ. यशोवर्धन पाठक ने बताया कि तस्करी के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यह कई दिनों से चल रहा है। इसी ऑपरेशन में मोतिहारी में भी विदेशी सामान बरामद किया गया था। तस्कर पूर्वोतर क्षेत्र से ट्रेन, बस या अन्य माध्यमों से अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी समानों को पटना लाती है। यहां से सामान कई जगह भेज दिया जाता है। इन सामानों की बिक्री बिहार से लेकर झारखंड तक होती है। डॉ. यशोवर्धन ने बताया कि सीमा शुल्क विभाग पिछले कई माह से आरपीएफ, जीआरपी स्थानीय पुलिस के साथ ऑपरेशन चला रही है।



### दानापुर में एक ही मकान के 3 फ्लैट में चोरी, कैश, जेवरात समेत कीमती सामान ले उड़े

**पटना।** दानापुर में एक मकान के 3 फ्लैट से 5 लाख की चोरी हुई है। घर में ताला तोड़कर गुरुवार देर रात चोर घुसे थे। कैश, जेवरात समेत कीमती सामान ले उड़े। मकान मालिक अजय कुमार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। अजय कुमार ने बताया कि अपने परिवार के साथ शास्त्रीनगर में रहता हूं। मेरे और 2 किराएदार के फ्लैट में ताला लगा था। घर में कोई मौजूद नहीं था। मेरे फ्लैट से 25 हजार कैश, सोने-चांदी के जेवरात, किराएदार प्रमोद कुमार के कमरे से 2.10 लाख कैश, जेवरात और प्रिंस कुमार के घर से 5 हजार कैश की चोरी हुई है। वहीं, पीड़ित किराएदार प्रमोद ने बताया कि गुरुवार सुबह ताला बंद करके बिहारशरीफ गया था। शुक्रवार को सुबह पड़ोसी से घटना की जानकारी मिली। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। अलमारी से कैश और जेवरात गायब थे। प्रिंस कुमार ने कहा कि 5 दिन पहले अपने गांव सीवान गया था। आज सुबह जब लौटा तो देखा कि घर में पूरा सामान बिखरा हुआ है। मेन डोर का दरवाजा टूटा था। वहीं, थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की छानबीन किया जा रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।



### पटना में दो दिवसीय कैंसर विशेषज्ञों का होगा सम्मेलन, 14 और 15 सितंबर को पटना में जुटेंगे देश के एक्सपर्ट

**पटना।** कैंसर एक जानलेवा बीमारी है। इसकी रोकथाम और इस पर चिंतन के लिए पटना में दो दिवसीय (14-15 सितंबर) कैंसर विशेषज्ञों का भव्य सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन में कैंसर पर नए-नए शोध के अलावा इससे बचने के उपाय और इलाज पर चर्चा होगी। महावीर कैंसर संस्था के रेडियोथैरेपी विभाग द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञों द्वारा कैंसर के अत्यधिक इलाज पर विस्तार से चर्चा किए जाएंगे। इसकी जानकारी देते हुए महावीर कैंसर संस्थान के मेडिकल विभाग की प्रभारी और प्रसिद्ध कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मनीषा सिंह ने बताया कि एसोसिएशन ऑफ रेडियेशन ऑन्कोलॉजिस्ट ऑफ इण्डिया - बिहार चैप्टर का आयोजन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कैंसर जैसे रोग से अब लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है, जो भी इस बीमारी के पहले स्टेज में प्रमुखता पूर्वक इलाज करते हैं तो उनकी बीमारी पूरी तरह ठीक हो सकती है। उन्होंने बताया कि महावीर कैंसर संस्थान में कैंसर पीड़ित कई लोग ऐसे है, जिनकी बीमारी पूरी तरह ठीक हो गई और अब वह तरह स्वस्थ हैं। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. विनीता त्रिवेदी ने बताया कि आम लोगों को अपने जीवन के रहन-सहन और खान-पान में भी सावधानी बरतनी की जरूरत है। आम लोग खान-पान को और रहन-सहन को अगर दुरुस्त कर लेते हैं तो कैंसर जैसे बीमारी कभी हो नहीं सकता। उन्होंने कहा कि देश में पान गुटका से भी बहुत सारे लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पान और गुटखा एक मीठा जहर है, जो कैंसर जैसे बीमारी को न्योता देता है। मुंह का कैंसर इसके सेवन से सबसे ज्यादा होती है।

# पेपर मिल में लगी आग, सामान जलकर खाक, अंदर थे 50 मजदूर

**एजेंसी, पटना।**

पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में पेपर प्रोडक्ट पेपर मिल में अचानक आग लग गई। मामले की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 5 बड़ी गाड़ियां मौके पर पहुंची। 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

**सभी मजदूर को सुरक्षित निकाला बाहर:** घटना के समय 50 मजदूर पेपर मिल के अंदर मौजूद थे। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। जानकारी के मुताबिक विजय नगर स्थित गुप्ता पेपर मिल में दोपहर करीब 01:15 बजे आग लगी थी। पहले स्थानीय लोगों ने अपने स्तर से आग बुझाने की कोशिश की, सफलता नहीं मिलने पर फायर ब्रिगेड को सूचना दी।



**कोई हताहत नहीं हुआ है:** मौके पर पहुंचे फायर डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर ने कहा कि आग पर काबू पा लिया गया है। पेपर की आग तेजी से फैलती है। किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है और ना ही कोई अंदर फंसा हुआ है।

**घटना के वक्त मिल में 50 मजदूर काम कर रहे थे:** श्मदीद ने बताया कि मिल के पास में वेल्डिंग हो रहा था, उसकी चिंगारी से आग लगी है। घटना के वक्त मिल में 50 मजदूर काम कर रहे थे। पहले हमलोगों ने आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए तो फायर ब्रिगेड को इसकी जानकारी दी।

♦ फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियों ने पाया काबू, कोई हताहत नहीं

# जिसके घर AK-47 मिली, CM उससे मिलने जाते हैं

**एजेंसी, पटना।**



अनंत सिंह-मुख्यमंत्री की मुलाकात पर तेजस्वी का निशाना, बोले- JDU नेता हथियारों की फैक्ट्री चलाते हैं

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव इन दिनों कार्यकर्ता संवाद यात्रा पर हैं। वो कार्यकर्ताओं से मिलकर पार्टी नेताओं की फीडबैक ले रहे हैं। इसके साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमलावर भी हैं। शुक्रवार को उन्होंने सीएम नीतीश और बाहुबली पूर्व विधायक अनंत सिंह की मुलाकात पर निशाना साधा है। उन्होंने सोशल साइट एक्स पर लिखा है कि 'जिस कथित अपराधी को पुलिस ने घर में AK-47 रखवाने के जुर्म में गिरफ्तार किया था, तीन-चार दिन पहले उसी से मिलने CM उसके घर गए थे। हालांकि, तेजस्वी ने सीधे तौर पर अनंत सिंह का नाम नहीं लिखा है, इशारों में बाहुबली से मुलाकात पर मुख्यमंत्री को घेरा है। बीते दिनों छपरा के मढ़ौरा में ईंट उद्योग फैक्ट्री में मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा हुआ था। इस मामले में जेडीयू के जिला महासचिव अखिलेश कुशवाहा को पुलिस ने अरेस्ट किया था। इसके साथ ही नालंदा में भी पुलिस ने जुआ खेलते 14 लोगों को गिरफ्तार किया था। मौके से शराब की खेप भी मिली थी। गिरफ्तार होने वालों में जेडीयू का प्रखंड अध्यक्ष भी शामिल था। इन सारी घटनाओं का जिक्र करते हुए तेजस्वी यादव ने नीतीश सरकार पर हमला बोला है।

# पटना में दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर की हत्या

**एजेंसी, पटना।**

पटना में AIIMS के पास अपराधियों ने दिनदहाड़े प्रॉपर्टी डीलर को गोलियां से भून दिया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बाइक सवार 3 अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया है। पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई है। घटनास्थल से 4 खोखे बरामद हुए हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेज दिया है। मृतक व्यक्ति की पहचान दतियावन निवासी सुरेंद्र वर्मा(45) के तौर पर हुई है। बिहटा थाने में उसपर हत्या का केस दर्ज है। एक बार जेल भी जा चुका है। आज प्रॉपर्टी के काम से ही एम्स के पास अपनी कार से पहुंचा था। इस बीच बाइक सवार तीन अपराधियों ने उसे गोली मार दी। घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि 'अपराधियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है। मौके से चार खोखे भी बरामद किए हैं।'



♦ 3 अपराधियों ने गोलियों से भूना, 4 खोखे बरामद, पूरी घटना CCTV में कैद

# केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी बोले-गरीब गिरफ्तार हम जैसे शराब पीते तो पुलिस नहीं पकड़ती

**एजेंसी, पटना।**

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि तेजस्वी यादव दिन में सपना देख रहे हैं। उन्होंने तेजस्वी यादव की ओर से 200 यूनिट बिजली फ्री देने के चुनावी वायदे पर यह बात कही है। उन्होंने नीतीश कुमार से शराबबंदी की चौथी बार समीक्षा की मांग की है। मांझी ने कहा कि शराब पीने पर गरीबों को पकड़ा जाता है, लेकिन हम हम सब सफेदपोश जब रात में शराब पीते हैं तो हमें नहीं पकड़ा जाता है। जीतन राम मांझी ने कहा कि शराबबंदी के बारे में हम कहते रहे हैं कि यह बंदी खराब नहीं है। हम सभी ने मिलकर शराबबंदी का प्रस्ताव बिहार में लिया था, इसलिए इसे खराब कैसे कहेंगे, लेकिन शराबबंदी के क्रियान्वयन में गड़बड़ी हो रही है। गरीब लोग पावभर (250 ग्राम) भी सेवन कर लिए तो ब्रेथ एनलाइजर लगाकर उन्हें जेल भेजा जाता है। दूसरी तरफ लाखों लीटर शराब की तस्करी करने वालों को छोड़ा जा रहा है। हम सब सफेदपोश जब रात में शराब पीते हैं तो हमें नहीं पकड़ा जाता है। ऐसा नहीं होना चाहिए। यह दोरंगी नीति है। हम कहना चाहते हैं कि नीतीश कुमार शराबबंदी की चौथी समीक्षा करें और देखें कि इसमें कितने गरीब लोग प्रताड़ित हैं। चार-पांच लाख गरीब इसी से जुड़े मामले में जेल में हैं।



**राहुल गांधी देशद्रोही का काम कर रहे, कार्रवाई हो:** उन्होंने राहुल गांधी के बयान पर कहा कि राहुल गांधी देशद्रोह का काम कर रहे हैं। घर का भेदी लंका ढाहे वाली कहावत चरितार्थ कर रहे हैं। नरेन्द्र मोदी विश्व में शांति दूत का काम कर रहे हैं। देश के खिलाफ बाहर जाकर बातें करना देशद्रोही है, राहुल गांधी पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**ममता बनर्जी को इस्तीफा देना चाहिए:** उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी को थोड़ा भी डोमोक्रेटिक सेंस होता तो आज से दो माह पहल इस्तीफा दे चुकी होतीं। लॉ एंड ऑर्डर राज्य का मामला होता है। इस परिस्थिति में वह संभाल नहीं सकी और नाटक कर रही हैं। उनको इस्तीफा दे देना चाहिए।

♦ केंद्रीय मंत्री ने CM से शराबबंदी की चौथी समीक्षा की मांग की, कहा-गरीब प्रताड़ित हैं

# ज्वेलरी खरीद रहे 3 साइबर क्रिमिनल गिरफ्तार, तीनों स्टूडेंट, AI और ऑडियो-वीडियो के जरिए करते थे ठगी

**एजेंसी, पटना।**

पटना साइबर पुलिस ने एक गैंग के तीन सदस्यों इम्तियाज अली, विवेक कुमार और शोभिक कुमार उर्फ रौनक को गिरफ्तार किया है। तीनों की उम्र 19 से 24 साल के बीच है। तीनों पढ़े लिखे हैं। इम्तियाज ने बेंगलुरु से कंप्यूटर साइंस में बीटेक किया है। शोभिक पटना विवि में ग्रेजुएशन का छात्र है। विवेक बैंकिंग की तैयारी कर रहा था। इम्तियाज और विवेक सिवान के बड़हरिया के रहने वाले हैं। शोभिक पालीगंज का रहने वाला है। पुलिस ने गुरुवार की देर शाम पटना के एक ज्वेलर्स दुकान से गिरफ्तार किया है। तीनों ठगी के पैसे से ज्वेलरी खरीदने पहुंचे थे। साइबर थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि पकड़े गए शातिर आर्टफिशियल इंटेलिजेंस के अलावा अलग-अलग तरीकों से लोगों को अपनी ठगी का शिकार बनाते थे। तीनों ने 9 सितंबर को दो अलग-अलग लोगों से 1 लाख की ठगी की थी। उसी पैसे से गहना खरीदने के लिए दुकान पर पहुंचे थे। ज्वेलरी दुकान में ATM से पैसे ट्रांसफर करवा रहे थे। तीनों ने वहां से लगभग 4 लाख के गहने खरीदे थे, जिनका पेमेंट तीनों रेंडमली अलग-अलग एटीएम से करा रहे थे। इसी बीच इसकी भनक पटना साइबर पुलिस को लगी। मौके पर ही तीनों को पकड़ लिया गया।

**खाते में पैसा आते ही खरीदते थे गहना**



**खाते में पैसा आते ही गहने खरीद लेते थे:** पकड़े गए शातिरों ने पुलिस को बताया है कि ये लोग CBI, मुंबई पुलिस और कस्टम अधिकारी बनकर ठगी करते थे। शातिर, लोगों को उनके बच्चों को रेप केस में गिरफ्तार होने का डर, आधार कार्ड पर गलत पार्सल आने, CBI रेड को रोकने के नाम पर ठगी करते थे। पुलिस जब तक उस खाते तक पहुंचती तब तक उस पैसे से सोना या गहना खरीद कर रख लेते थे। इस गैंग में शामिल इम्तियाज, विवेक और शोभिक इस धंधे को अपने-अपने घर से ही संचालित करते थे। अलग-अलग नंबर से वीडियो या ऑडियो कॉल करते थे। हड़बड़ी में कुछ लोग पैसा भेज देते हैं। शातिर परिजन से उनके बच्चों की बात की जगह आर्टफिशियल इंटेलिजेंस से की गई रिकॉर्डिंग सुना देते हैं, ताकि परिजनों को भरोसा हो जाए उनका बच्चा सच में सामने वाले के कब्जे में है।

**मोबाइल और लैपटॉप से खुलेंगे राज:** पुलिस ने जब तीनों को गिरफ्तार किया तब इनके पास से एक लैपटॉप, 6 मोबाइल फोन और 6 एटीएम कार्ड बरामद किया है। इम्तियाज के नाम से भी एक एटीएम बरामद हुआ है। बाकी सभी एटीएम कार्ड अलग-अलग लोगों के नाम पर हैं, जिसे इन लोगों ने गरीब लोगों के खाते खुलवा कर अपने पास रख लिया था। अलग-अलग जगह से फ्रॉड करके इसी खाते के माध्यम से एटीएम के जरिए पैसे की निकासी करते हैं। इनके पास से जब्त मोबाइल, लैपटॉप और एटीएम कार्ड से पुलिस को कई ट्रांजेक्शन की जानकारी मिलने की संभावना है। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है।

# बिहार में पुल की तरह इंजीनियर का गिरता भविष्य

**एजेंसी, पटना।**

बिहार में संविदा पर 231 असिस्टेंट इंजीनियर की भर्ती होगी। जिसका विरोध शुरू हो गया है। संविदा भर्ती के विरोध में शुक्रवार को गांधी मैदान में सैकड़ों अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। राज्य सरकार से पहले की तरह बीपीएससी से भर्ती कराने की मांग की है।



पटना में संविदा भर्ती के विरोध में अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**बिहार का भविष्य ठेके से नहीं, नियुक्ति से चलेगी:** प्रदर्शनकारियों के हाथ में पोस्टर भी था जिस पर लिखा था, 'जिस राज्य के सीएम इंजीनियर हैं, वहां के इंजीनियर बेरोजगार हैं। बिहार में पुल की तरह इंजीनियर का गिरता भविष्य। बिहार का भविष्य ठेके से नहीं, नियुक्ति से चलेगी। कंबाइंड वैकेंसी लाओ, वोट पाओ।'

**12 लाख नौकरी देने का वादा किया था:** अभ्यर्थी चंद्र कुमार ने कहा कि 2017 से असिस्टेंट इंजीनियर की कंबाइंड वैकेंसी नहीं आई है। सीएम नीतीश कुमार ने इसी गांधी मैदान से 12 लाख नौकरी देने का वादा किया था। हर एक विभाग में भर्ती निकाली है, लेकिन इंजीनियर के लिए कोई वैकेंसी नहीं है। बिहार में अलग-अलग विभागों में 4500 इंजीनियर के पद हैं। जिनमें से अभी 2500 खाली हैं।

**हमलोगों के साथ गलत हो रहा है:** वहीं, श्याम कुमार ने कहा कि सरकार संविदा पर भर्ती निकालकर अपनी उपलब्धियां गिनवा रही है। 2017 में असिस्टेंट इंजीनियर की कंबाइंड वैकेंसी आई थी, उसके बाद से अब तक नहीं आई है। हमलोगों के साथ गलत हो रहा है, सरकार को ध्यान देना चाहिए।

## नेपाल की ओर जाते दिखे प्रिंस-सोनू

# PMCH में इलाज के दौरान फरार हुए थे दोनों

**एजेंसी, पटना।**

PMCH से इलाज के दौरान फरार हुआ कुख्यात अपराधी प्रिंस कुमार उर्फ अभिजीत की तस्वीर मोतिहारी टोल प्लाजा में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जानकारी मिली है कि प्रिंस और उसके सहयोगी सोनू पटेल बिहार होते हुए नेपाल चले गए हैं। हालांकि इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने छापेमारी शुरू कर दी है।



छापेमारी में जुटी पुलिस की टीम

**नेपाल की ओर जा रहे थे दोनों:** जानकारी के अनुसार फरार होने के बाद प्रिंस बिहार के अलग-अलग जिलों में अपना ठिकाना बदल रहा है। मोतिहारी टोल प्लाजा पर लगे CCTV फुटेज में प्रिंस कार में दिखाई दिया। वह नेपाल की ओर जा रहा था। उसके साथ उसका दोस्त सोनू पटेल भी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हुई है, लेकिन इतना साफ हो गया कि कुख्यात प्रिंस उर्फ अभिषेक को न तो पटना पुलिस पकड़ पाई और न ही STF की टीम।

# हमारा गढ़ छिनता रहा, लेकिन अब नहीं, एकजुट होइए

**एजेंसी, पटना।**

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव कार्यकर्ता संवाद यात्रा के दौरान दरभंगा में कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर रहे हैं और मुख्य रूप से विधानसभा चुनाव की रणनीति बना रहे हैं। कार्यकर्ताओं से बात करते हुए तेजस्वी ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि दरभंगा यानी मिथिला का यह क्षेत्र राजद का गढ़ रहा है, लेकिन पिछले दो लोकसभा चुनाव से यह गढ़ धीरे-धीरे हमसे छिनता जा रहा है। इसको लेकर हम लोगों को एकजुट होना पड़ेगा। दरअसल, राजद के अली अशरफ फातमी चार बार दरभंगा से सांसद रहे, जिन्हें 1999 में हराकर भाजपा के कीर्ति आजाद ने राजद के गढ़ को खत्म किया। बता दें लोकसभा चुनाव में दरभंगा से राजद नेता ललित यादव चुनावी मैदान में थे। यहां से बीजेपी के गोपाल जी ठाकुर की जीत हुई। गोपाल जी ठाकुर ने 5 लाख 66 हजार 630 वोट हासिल किया, जबकि दूसरे स्थान पर राजद के ललित कुमार यादव को 3 लाख 88 हजार 474 वोट हासिल हुए थे। गोपाल जी ठाकुर यहां से दूसरी बार चुनाव जीते हैं। 2019 में यहां से आरजेडी से अब्दुल बारी सिद्दीकी चुनाव लड़े थे। तब गोपाल जी ठाकुर को 5 लाख 86 हजार 668 वोट मिले थे और अब्दुल बारी सिद्दीकी को 3 लाख 18 हजार 689 वोट।



♦ दरभंगा में तेजस्वी की हुंकार, 1999 में भाजपा के कीर्ति आजाद ने बाहर किया अब वापसी में जुटे तेजस्वी

**अली अशरफ फातमी यहां से चार बार सांसद रहे:** राजद के अली अशरफ फातमी यहां से 1991, 1996, 1998, 2004 में विधायक रहे। 1999 से भाजपा के कीर्ति आजाद ने यहां बीजेपी का झंडा गाड़ना शुरू किया। ब्राह्मण, यादव, मुसलमान और अतिपिछड़ा वोट यहां काफी है। तेजस्वी की चुनौती इन्हें ही साधने की है।

मुसलमान वोट बैंक राजद से फिसल न जाए इसकी उन्हें चिंता है। कार्यकर्ता संवाद के दौरान संगठन की स्थानीय राजनीति का असर भी दिखता रहा। जिला अध्यक्ष और ललित यादव के बीच मनमुटाव महसूस किया गया। तेजस्वी ने कार्यकर्ताओं को एकजुट रहने की सलाह दी। दरभंगा जिले की राजनीति पर गौर करें तो यहां के 10 विधान सभा क्षेत्रों में सिर्फ एक सीट पर राजद के विधायक हैं। ललित यादव दरभंगा ग्रामीण क्षेत्र से विधायक हैं।

## संक्षिप्त समाचार

## जिलाधिकारी के जनता दरबार में 96 लोगों की सुनी शिकायत

**चाणक्य भूमि मधुबनी।** जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित जनता दरबार में जिले के सुदूर क्षेत्रो से आए हुए परिवादियों से मुलाकात कर उनकी शिकायतों को सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। गौरतलब हो कि प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को जनता दरबार में जिलाधिकारी कार्यक्रम के आयोजन के मौके पर जिलाधिकारी सभी परिवादियों से मुलाकात करते हैं और उनकी शिकायतों के निपटारे के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी देते हैं। इस परिप्रेक्ष्य में आज दिन शुक्रवार 13 सितंबर को कुल 96 परिवादीयों ने अपनी शिकायतों को लेकर जिलाधिकारी से मिले। आगे मिलने वाले में बिस्फी प्रखंड के निवासी मो. नूर आलम ने शिकायत किया कि कुछ लोग सरकारी रास्ता को घेर कर अपना मकान बनाना चाहते है, तो वहीं अंचल कार्यालय राजनगर के वाहन चालक सुरेश गरेड़ी के द्वारा आवेदन दिया गया कि उनकी दैनिक मजदूरी अंचल अधिकारी एवं कार्यालय के द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। बता दें कि जिलाधिकारी के द्वारा आए हुए सभी परिवादियों से बारी- बारी से सभी की शिकायतें सुनी और उनके परिवाद के निवारण हेतु संबधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिया गया। आगे जिलाधिकारी ने कई प्राप्त शिकायतों के आलोक में संबंधित पदाधिकारियों को फोन कर जन शिकायतों को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखकर त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया।उक्त अवसर पर डीडीसी दीपेश कुमार, अपर समाहर्ता शैलेश कुमार भी उपस्थित थे।

## SSB जवान के घर पर लाखो की चोरी

**चा० भूमि नरकटियागंज।** बीती रात्रि नगर के प्रकाशनगर वार्ड 12 में चोरों ने एक घर को अपना निशाना बनाया। इमरान आलम एसएसबी में हैं और भारत सरकार के गृह मंत्रालय में कार्यरत हैं, घटना के समय उनकी पत्नी और बच्चे मौजूद थे। देर रात्रि चोरों ने घर के पीछे से घुसकर सारी कीमती सामान लूट ले गए ,सुबह जब इमरान की पत्नी की नींद टूटी तो पीछे का दरवाजा खुला था और अलमारी से सारे नकदी जेवर गायब थे। उन्होंने तुरंत ही पड़ोसियों को खबर की, स्थानीय लोग बताते हैं की प्रकाशनगर के आसपास के इलाके में चोरी की घटनाएं काफी बढ़ गई है, प्रशासन में बार बार शिकायत करने पर भी कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा है जिससे की चोरी की वारदातो पर लगाम लगे।

## लापता लड़की की लाश मिली मामला संदिग्ध

» लड़की की लाश कई दिनों पुरानी है जबकि परिवारवालों ने कल हो गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी

**नरकटियागंज** के पिपरा दिउलिया में एक घर के पीछे गड्ढे में एक पंद्रह वर्षीय लड़की की लाश मिली जिससे इलाके में सनसनी फ़ैल गई। लोगो ने तुरंत ही पुलिस को सूचित किया जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। प्रथम दृष्टिये पुलिस ने बताया की ऐसा लगता है की लड़की खेलने कूदने के क्रम में गड्ढे में गिर गई हो और डूबकर उसकी मृत्यु हो गई हो, उसके शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है की लड़की चार पांच दिनों से पानी डूबी हो।क्युकी शव काफी फूल चुका है। जबकि पुलिस अधिकारी ने ये भी कहा है की लड़की की मां कल शाम में थाने में आकर मिसिंग रिपोर्ट लिखवाई हैं । इस घटना से कई तरह के सवाल खड़े हो रहे हैं और लोग तरह तरह के कयास लगा रहे हैं। लेकिन मामले की पूरी सच्चाइयों से पर्दा पुलिस की जाँच के बाद ही उठेगा।

## भूमि के अभाव में नहीं हो रहा है पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण

**तेतरिया, पू.च।** बिहार सरकार ने तेतरिया प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के भवन निर्माण के लिए एक साल पहले एक करोड़ 70 लाख ,69 हजार रुपए आवंटित कर दिया। लेकिन भूमि के अभाव में भवन निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।भवन के अभाव में तेतरिया बाजार स्थित समुदायिक भवन के एक छोटा सा रुम में पशु चिकित्सालय चलाया जा रहा है।पशु चिकित्सा डाक्टर राज कुमार ने बताया कि भवन के अभाव में भारी परेशानी उठाना पड़ता है। जहां एक तरफ बिहार सरकार की भूमि की कमी नहीं है। फिर भी पदाधिकारी के उदासीनता के कारण भूमि आवंटित नहीं कराया जा रहा है। मुखिया सुबोध कुमार गुप्ता ने सीओ साक्षी कुमारी को एक लिखित आवेदन देकर तेतरिया में सरकारी भूमि होने की बात कही है। आवेदन में भूमि का खाता , खेसरा, रकवा का भी जिक्र किया है। सूत्रों से खबर मिली है की तेतरिया का पशु चिकित्सालय किसी दुसरे जगह पर ले जाने की साजिश रची जा रही है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। युवा राजद प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता, वीआईपी पार्टी के तेतरिया प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव, सीपीएम के शैलेन्द्र कुशवाहा, घेघवा पंचायत के मुखिया निवी देवी, मधुआहावृत पंचायत के मुखिया सिया सुंदरी देवी,पुनास लहलादपुर पंचायत के मुखिया पति उपेंद्र सहनी ने बताया कि हर हाल में तेतरिया में ही पशु चिकित्सालय का भवन निर्माण हो। अगर दुसरे जगह ले गया तो आंदोलन किया जाएगा।

## जीविका समूह द्वारा वार्षिक आमसभा का किया गया आयोजन



**घोड़ासहन।** सम्राट जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड घोड़ासहन का वार्षिक आमसभा का आयोजन शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जीविका के डीपीएम गणेश पासवान, बीडीओ चन्द्रभूषण कुमार, बीपीएम अतुल मोहन झा और जीविका समूह की सचिव समंजु देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में बीडीओ चन्द्रभूषण कुमार ने कहा कि समाज के पिछले पायदान की महिलाओं को समूह के माध्यम से सहायता प्रदान करते हुए उन्हें स्वावलंबी बनाते हुए समाज की मुख्य धारा में जोड़ने में जीविका ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज घर के दहलीज से बाहर नहीं निकलने वाली महिलाएं समूह निर्माण कर परिवार के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आज ग्रामीण महिला खासकर अति पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय की वैसी महिला जो समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ी थी। जहां विकास की रोशनी नहीं पहुंची थी वैसी महिला इस योजना में शामिल होकर न केवल अपना सम्मान और प्रतिष्ठा समाज में बढ़ाया बल्कि परिवार के विकास में भी अपनी भूमिका निभा रही है। महिलाएं जीविका से जुड़कर आत्म निर्भर बनने की ओर अग्रसर है। वहीं डीपीएम गणेश पासवान ने कहा कि जीविका के माध्यम से समूह गठन कर महिलाएं सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और शैक्षणिक तौर पर आज मजबूत हुई है। यह साक्षरता और जीविका के कारण ही हुआ है। जीविका समूह के माध्यम से एक प्रतिशत ब्याज पर समूह में रहने वाली महिलाओं को समय-समय पर ऋण उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि ऋण लेकर अपना विकास करते हुए समय पर लिए गए ऋण को वापस करना भी जीविका की जिम्मेदारी है तभी जीविका समूह का विकास संभव है। आम सभा के दौरान सचिव समंजु देवी द्वारा समूह की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। जिसमें पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान किये गए कार्यो, परियोजनाओं और वित्तीय प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी गई. सभी सदस्यों ने रिपोर्ट को सुना और सराहना की। वही जीविका समूह में जुड़कर महिलाओं ने अपने विकास की कहानी सांझा किया। मौके पर जीविका कर्मी मनोज कुमार, प्रमोद कुमार, रामप्रवेश, राजू कुमार, शशिभूषण, सुमन शतराम, अंतिमा कुमारी, पार्वती देवी, दीनानाथ, राकेश कुमार, मधुरेन्द्र, रामप्रवेश आदि समेत सैकड़ों जीविका दीदी मौजूद रही।

# एक व्यक्ति के द्वारा स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने पर गांव की बत्ती गुल

चाणक्य भूमि गौनाहा



» गुरुवार के दोपहर से ही काट दी गई है पूरे गांव की बिजली, ग्रामिणों ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रखंड के बेलसंडी पंचायत के गम्हरिया गांव में एक व्यक्ति द्वारा बिजली के स्मार्ट मीटर नहीं लगवाने व विरोध करने पर विभाग द्वारा पूरे गांव की बिजली आपूर्ति गुरुवार के दोपहर से बंद कर दी गई है। वहीं स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधि बेलसंडी पंचायत के उप मुखिया छोटे खान व ग्रामीण रईस मियां,लाल बाबू मियां, मजीद खान, इजराफिल मियां, मलिक सिंह, मुनेश्वरी ठाकुर, अनारूल शेख, गौहर मियां, रामीयाद महतो, राजेश महतो,मनोज महतो, विनोद महतो आदि ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि विद्युत विभाग के कर्मियों के द्वारा स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा था। जिसे एक व्यक्ति के द्वारा उसका विरोध किया गया। जिससे आवेश में आकर विभाग के कर्मियों ने पूरे गांव के ही बिजली बाधित कर दी। इस विषय जब हमलोगों ने बिजली विभाग के जे.ई. प्रमोद कुमार पासवान से बात की तो उन्होंने बताया कि जब तक पूरा गांव में स्मार्ट मीटर नहीं लग जाएगा तब तक पूरे गांव में बिजली कनेक्शन नहीं दी जाएगी। बताते चले की इस गांव में पूर्व में 60% स्मार्ट मीटर लग चुकी है। वही संबंध में विद्युत कनीय अभियंता प्रमोद कुमार पासवान से दूरभाष पर बात की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि गांव के लोगों के द्वारा विरोध किया जा रहा था। जिसे मेरे कर्मियों ने विद्युत आपूर्ति बाधित कर दी। उसको मेरे द्वारा चालू करवा दिया जा रहा है।

## आशा ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया आवेदन

चा० भूमि गौनाहा

» दिए गए आवेदन में प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक (बीसीएम)पर लगाया कई गंभीर आरोप

आशा कार्यकर्ता ने गौनाहा प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को एक शिकायत आवेदन पत्र दिया है। दिए गए आवेदन में यह बताया गया है कि मै सरस्वती देवी बेलसंडी पंचायत अन्तर्गत वार्ड नंबर 13 के केंद्र संख्या 37 की आशा कार्यकर्ता हूं। मैं अगस्त माह में जो दैनिक कार्य की हूं जिसका पैसा बीसीएम के द्वारा भेद-भाव से ग्रसित होकर काट दिया गया है। जबकि मैं मोबाइल सिम रिचार्ज का भाउचर तथा और कार्य से संबंधित कागजात दावा प्रपत्र में लगाई थी। तथा एक पीएचसी गौनाहा आशा ग्रुप भी बना है। जिसमें से मेरे नाम हटा दिया गया है तथा इस ग्रुप में अपने पत्नी जो कहीं की बीसीएम के पद पर कार्यरत है। उसका नंबर जोड़ दिया गया है जो कि यह घोर निंदनीय है और सरासर गलत है। गौनाहा पीएचसी ग्रुप का गोपनीयता को भंग करता है। आगे आवेदन में बताया गया है कि पूर्व में भी इनके द्वारा अश्विन पोर्टल बंद किया जाता था और पैसा काटा जाता था। वही प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को गुहार लगाते हुए अपने स्तर से जांच कर विधिसंवत कार्रवाई करने की मांग की है।

इस संबंध में बीसीएम राजेश कुमार से दूरभाष पर पूछा गया तो उनके द्वारा बताया गया कि समय आने पर साक्ष्य प्रस्तुत कर इसका जवाब दूंगा। वही इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी शशि कुमार द्वारा बताया गया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में जांच टीम भी गठित कर दी गई है। जांच होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## श्री नारायण सिंह महाविद्यालय में आईडी कार्ड बनाया गया



चाणक्य भूमि

भारतीय राष्ट्रिय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष आशीष कुमार की अध्यक्षता में श्री नारायण सिंह महाविद्यालय में छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए कैंप लगाकर 200 से ज्यादा छात्र छात्राओं का एबीसी आईडी कार्ड बनाया गया।मौके पर छात्रसंघ अध्यक्ष ने बताया कि ग्रेजुएशन में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं के लिए कार्ड अनिवार्य है जिससे वो अपना सारा डॉक्यूमेंट्स ऑनलाइन देख पाएंगे । यह कैंप फिर कल 10 बजे से कॉलेज में लगाया जाएगा जो भी छात्र छात्राएं अपना कार्ड बनवाना चाहते है कल भी आकर बनवा सकते है ।मौके पर एनएसयूआई के अमन सिन्हा,मो इकराम, शाहिद परवेज,प्रियांशु राज, रमन शर्मा,आर्यन राज , युवराज सिंह,मयंक राज, आयुष कुमार , गरिमा ,शानवी, जयसिखा आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

## ग्रामीणों ने स्मार्ट मीटर को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

चा० भुमि योगापट्टी



योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के बलुआ भवानीपुर पंचायत के वार्ड नंबर पांच के ग्रामीणों ने विद्युत स्मार्ट मीटर को लेकर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया |और कहा की विद्युत बिल में भारी अनियमिता हों रहीं हैं | विद्युत स्मार्ट मीटर और विद्युत बिल में अनियमिता को लेकर ग्रामीण बिजेंद्र नट, नसर्दिन नट, सरिता देवी, काशी नट,संहू राम, संदीप राम, डोमा राम और इत्यादि ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया और जानकारी देते हुए बताया कि हम सभी महादलित ग्रामवासी गरीब तबके से हैं हम लोग मजदूरी करके अपना पालन पोषण और जीवनयापन करते हैं |ज़ब से हमारे गांव में विद्युत स्मार्ट मीटर लगा हैं, तब से हम सभी ग्रामवासी परेशान हों चुके हैं इस विद्युत स्मार्ट मीटर की बिलिंग हम लोगो को समझ में नहीं आ रहा हैं इसमें किस तरह बिल काट रहा हैं उसी क्रम में बिजेंद्र नट ने कहा की अगर हम तीन सौ का रिचार्ज करते हैं तो पांच दिन ही विद्युत चालित रहती हैं इससे हम सभी बहुत परेशान हैं इसके हिसाब से लगता हैं की अब हम लोगो के घर बिजली नहीं रहेगी |क्योंकि अब हम लोग विद्युत स्मार्ट मीटर रिचार्ज कराये या अपना खर्चा चलाये |वहीं ग्रामीणों ने बताया कि पहले का विद्युत मीटर था तो उमसे हम लोगो का विद्युत बिल साठ या सत्तर रूपये आया करता था |ग्रामीणों ने यह भी कहा हम लोग ने गांव में आने वाले विद्युत विभाग कर्मियों से पूछा तो उन्होंने बताया कि आप लोगो का विद्युत बिल पहले से बाकि होगा इसलिए इस तरह बिल काट रहा हैं |लेकिन ऐसा कुछ नहीं हैं जिनके ऊपर एक भी रुपया बकाया नहीं हैं उनका भी यही हाल हैं |हम लोगो को ऐसा लगता हैं की विद्युत बिलिंग में भारी अनियमिता बरती जा रहीं हैं | हम लोगो का कहना हैं कि हमें इस विद्युत स्मार्ट मीटर में कितने रूपये यूनिट के हिसाब से रुपया कटता हैं इसके बारे में हम लोगो को समझाया जाये |अन्यथा हम लोग विद्युत स्मार्ट मीटर निकाल कर अपने घरो से फेक देंगे |वहीं विद्युत तकनीकी सहायक से दूरभाष के माध्यम से बात हुआ तो उन्होंने जानकारी देते हुए बताया की हम लोगो को विभाग से आदेश हैं की स्मार्ट मीटर लगाना हैं जो भी इसमें कमिया हैं उसको विभाग द्वारा देखा जायेगा |

## चक्की पकड़ी गाव में रास्ते से हटा अतिक्रमण, दूसरे पक्ष ने कहा मेरा निजी जमीन हैं



चाणक्य भूमि

नरकटियागंज अंचल क्षेत्र के चक्की पकड़ी गांव के वार्ड संख्या 9 में रास्ते की जमीन का अतिक्रमण भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शुक्रवार को हटाया गया. सीओ सुधांशु शेखर की मौजूदगी में रास्ते को लेकर चल रहे विवाद का भी पटाक्षेप कर लिया गया. सीओ श्री शेखर ने बताया कि अनुमण्डल दण्डाधिकारी नरकटियागंज के न्यायालय में दायर वाद संख्या 1727/2014 धारा 147 में अमृत कुमार और हरगुन मिश्रा के बीच पारित आदेश के आलोक में ग्राम चक्की पकड़ी थाना शिकारपुर अन्तर्गत अवस्थित खाता संख्या-223, खेसरा संख्या-357, रकबा 20 फीट चौड़ा तथा 35 फीट लम्बा रास्ते की भूमि को खाली कराया गया है. उन्होंने बताया कि रास्ते की भूमि से अतिक्रमण हटा लिया गया ।दूसरी ओर सन्नी मिश्रा ने मामले में बताया की मेरे पिता हरगून मिश्रा के नाम से 1978 में कुसमा देवी ने बख्शीश किया था विवाद के बाद मेरे द्वारा उच्च न्यायालय में वाद 168/2023 दायर किया हैं जो लंबित हैं ये जमीन मेरे पिता के नाम से रजिस्ट्री के साथ रशीद भी कटता आ रहा हैं मेरे निजी जमीन को प्रशासन को गुमराह कर रास्ता की जमीन दिखाया जा रहा हैं

## पटना एन सी सी हेडक्वॉर्टर में सी ए टी सी-11 कैम्प का किया गया आयोजन



चाणक्य भूमि पटना

पटना एन सी सी हेडक्वार्टर पटना में 11 बिहार बटालियन के द्वारा सी ए टी सी -11कैंम्प का आयोजन किया गया जिसका कमान 11 बिहार बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संजीव कुमार द्वारा किया जा रहा है ये कैम्प 10 सितम्बर 2024 से 19 सितम्बर 2024 तक चलेगा 1 इस कैम्प में मुख्य रूप से iggbc एवं aivsc जैसे कठिन प्रतिस्पर्धाओं के लिये कैडेट्स को तैयार करना और आने वाले RDC परेड को देखते हुए बेहतर प्रशिक्षण देना है 1 कर्नल संजीव ने बताया कि इस कैम्प में 500 कैडेट्स प्रशिक्षण ले रहे है जिसमें 125 गर्ल्स कैडेट्स और 375 बॉयज कैडेट्स शामिल हैं 1इस कैम्प में कैडेट्स को फोर्सेज ट्रेनिग जैसे पिटी, विप्पन ट्रेनिंग, ड्रिल, इत्यादि के साथ साथ उन्हें पर्सनालिटी डेवलोपमेन्ट, डिजास्टर मैनेजमेंट, लीडरशिप इत्यादि विषयों पर वर्ग संचालन कर पढ़ाया जा रहा है 1

## जिलाधिकारी ने रक्सौल हवाई अड्डा जमीन का किया भौतिक सत्यापन



चाणक्य भूमि

» जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल शुक्रवार को हवाई अड्डे की जमीन का निरीक्षण करने के लिए रक्सौल पहुंचे। उनके साथ मोतिहारी नगर निगम के आयुक्त सौरव सुमन यादव व अनुमंडल पदाधिकारी रक्सौल शिवाक्षी दीक्षित के साथ-साथ अंचलाधिकारी रक्सौल शेखर राज भी मौजूद थे

निरीक्षण के क्रम में डीएम श्री जोरवाल ने बताया कि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के द्वारा यहां एयरपोर्ट संचालन के लिए अतिरिक्त 135 एकड़ जमीन की मांग की गयी है, जिसमें 35 एकड़ के आसपास जमीन सरकारी गैर मजरूआ और बकास्त की है. इसके अलावे 100 एकड़ जमीन का अधिग्रहण होना है जिसकी अधियाचना को तैयार कर भेजने का निर्देश अंचलाधिकारी को दिया गया है।

## धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया

चाणक्य भूमि



**मोतिहारी।** श्रम संसाधन विभाग बिहार के निर्देश के आलोक में एवं श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, घोड़ासहन के नेतृत्व में घोड़ासहन प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत विशेष धावा दल के द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों में सघन जाँच अभियान चलाया गया। जाँच के क्रम में घोड़ासहन प्रखंड के कुल-02 प्रतिष्ठानों क्रमशः प्रदीप कुमार चाहत फैमली रेस्टोरेंटएंड एवं हिमांशु स्वीट्स कॉर्नर से 01-01 बाल श्रमिक अर्थात कुल-02 बाल श्रमिकों को धावा दल की टीम के द्वारा विमुक्त कराया गया। साथ ही श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि यह अभियान पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत लगातार क्रियाशील रहेगा।बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत सभी नियोजकों के विरूद्ध संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई की जा रही है जबकि सभी विमुक्त बाल श्रमिकों को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थापित कर उन्हें बाल गृह में रखा गया है।श्रम अधीक्षक अनिल कुमार सिंह द्वारा बताया कि बच्चों से प्रतिष्ठान में कार्य कराना बाल एवं किशोर श्रम प्रतिषेध एवं विनियमन के अंतर्गत गैर कानूनी है। बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के अतर्गत बाल श्रमिकों से कार्य कराने वाले व्यक्तियों को 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना और 2 वर्षों तक का कारावास का प्रावधान है।इसके अतिरिक्त माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में सभी नियोजकों से 20,000/- (बीस हजार रू.) प्रति बाल श्रमिक की दर से राशि की वसूली की जाएगी। आज की इस विशेष धावा दल की टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, घोड़ासहन, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, कल्याणपुर, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, ढाका, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बनकटवा, AHTU, मोतिहारी, प्रयास संस्था के प्रतिनिधि, न्याय नेटवर्क परियोजना डंकन हॉस्पिटल रक्सौल के प्रतिनिधि एवं घोड़ासहन थाना से 07 पुलिस कर्मी एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम शामिल थी।

## पैट्रोल पंप के नोजल मैन से रुपए ब मोबाइल की हुई लूट




चाणक्य भूमि

» कोटवा एनएच 27 कदम चौक के समीप मंगल पेट्रोल पंप की घटना

**कोटवा।** थाना क्षेत्र के कोटवा कदम चौक के समीप एन 27 पर स्थित मंगल पेट्रोल पंप के नोजल मैन से रुपए ब मोबाइल लूट का मामला प्रकाश में आया है। अपराधी पेट्रोल भरवाने पंप पर आए और हथियार भिड़ा कर लूट की घटना को अंजाम दिया। मामले को लेकर पेट्रोल पंप कर्मी राजू राय ने अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।दर्ज प्राथमिकी में बताया है की गुरुवार की रात्रि 8 बजे काले रंग की अपाची बाइक पर सवार दो अपराधी पेट्रोल भरवाने के लिए पंप पर आया।साथ ही एक पैदल अपराधी आया और पानी के लिए पूछा एवं पानी पीने अंदर चला गया।बाइक सवार अपराधी बाइक में एक हजार दस रुपए का पेट्रोल भरवाया एवं पैसा निकालने के लिए पॉकेट में हाथ लगाया और पिस्तौल निकाल कर सीना पर सटा दिया। एक थप्पड़ मारा और दिनभर का बिक्री किया हुआ पैसा 52 हजार 700 रुपया छीन लिया। वही पंप पर कार्यक्रम उसके सहयोगी अरुण पासवान के गल्ला में रखे 45 हजार 600 रुपए लूट लिया। साथ ही दोनो की मोबाइल भी लूट ली।पानी पीने गया अपराधी पीछे से आया एवं काले रंग के बैग में पैसा रखकर एक ही बाइक से तीनों अपराधी कोटवा की तरफ भाग निकला। मामले की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुचे डीएसपी सदर 2 जितेश पांडेय, थानाध्यक्ष ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए स्टॉफ से पूछताछ की।साथ ही पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया है, जो की थाना क्षेत्र के टलवा गाव निवासी बताया गया है।जो हाल में ही जेल से छूटा है जिसका मोबाइल लोकेशन का जांच किया जा रहा है। थानाध्यक्ष राजरूप ने बताया की प्राथमिकी दर्ज कर अपराधियों की धर पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

# पोंटिंग ने ऋषभ की प्रशंसा करते हुए उसे एक महान खिलाड़ी बताया

**मेलबर्न** । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय क्रिकेट टीम के आक्रामक विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को मैच विजेता खिलाड़ी करार दिया है। पोंटिंग ने ऋषभ की प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने कम समय में ही इस खिलाड़ी ने जो उपलब्धियां हासिल की हैं उससे उसकी आपार क्षमताओं का पता चलता है। इस खिलाड़ी ने जिस प्रकार हार न मानते हुए भीषण कार हादसे के बाद भी शानदार वापसी की है उससे पता चलता है कि वह एक महान खिलाड़ी है। सबसे बड़ी विशेषता ये है कि वह तीनो ही प्रारुपों में एक समान रुप से बेहतरीन बल्लेबाजी करता है। साथ ही कहा कि बॉडर-गावस्कर ट्रॉफी में भी उसपर सभी की नजरें रहेंगी। पिछली

## हार न मानने के जज्बे से मिली जीत



बार भारत ने ऑस्ट्रेलिया में जो टेस्ट सीरीज 2-1 से जीती थी, जिसमें इस बल्लेबाज ने अहम भूमिका निभाई थी। पोंटिंग ने इस क्रिकेटर की क्षमताओं की सराहना करते हुए कहा, वह किसी भी अन्य खिलाड़ी की तरह ही एक गंभीर क्रिकेटर हैं। हमने उन्हें खेलते हुए देखा है और स्टंप माइक पर उनकी आवाज सुनी है। वह एक मजेदार और टीम के साथ घुल-मिलकर रहने वाला खिलाड़ी है पर वह सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं खेलता, वह एक सच्चा विजेता है। पोंटिंग ने इस विकेटकीपर की तुलना पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी से करते हुए कहा, इस क्रिकेटर ने अब तक 33 टेस्ट मैच खेले हैं और 5 शतक लगाये हैं। वहीं धोनी ने 90 टेस्ट मैच खेले और 6 शतक लगाए। इस प्रकार देखा जाये तो इस युवा ने इतने कम मैचों में जो हासिल किया है, वह प्रशंसा के योग्या है। वह एक गंभीर क्रिकेटर हैं और उनके प्रदर्शन से यह साफ दिखता है। पोंटिंग ने कहा कि वह कार हादसे के बाद से ही ऋषभ के लगातार संपर्क में थे। पोंटिंग उस समय दिल्ली कैपिटल्स के कोच थे। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी वापसी है जो हैरान करती है। मैंने जब उनकी हालत देखी, तो मुझे लगा कि वह आईपीएल 2024 में नहीं खेल पाएंगे पर इस क्रिकेटर ने मुझसे कहा, 'मेरे बारे में चिंता मत करो, मैं आईपीएल के लिए ठीक हो जाऊंगा।' और वह न केवल खेले, बल्कि हर मैच में विकेटकीपिंग भी की और शानदार प्रदर्शन किया। आईपीएल के बाद टी20 विश्वकप में भी उसका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा। पोंटिंग ने आगे कहा कि पंत ने आईपीएल 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन किया और टी20 विश्व कप में नंबर 3 पर बल्लेबाजी की। वह अब टेस्ट टीम में वापस आ चुके हैं और भारत के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने रहेंगे। पोंटिंग का मानना है कि पंत का कभी हार न मानने वाला रवैया ही उन्हें एक सच्चा विजेता बनाता है।

# इन तीन भारतीय खिलाड़ियों से ऑस्ट्रेलिया को रहना होगा सावधान : लियोन

**मुंबई**। ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने कहा है कि इस साल के अंत में होने वाली बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में उनकी टीम को तीन भारतीय खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा और ऋषभ पंत से सतर्क रहना होगा। लियोन के अनुसार 22 नवंबर से होने वाली ये सीरी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) में शामिल होने के कारण और अहम हो जाती है। लियोन ने कहा, रोहित शर्मा, विराट कोहली और ऋषभ पंत आगामी टेस्ट सीरीज में हमारे खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे। साथ ही कहा कि इन तीनों के अलावा युवा खिलाड़ी यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, और अनुभीव रविंद्र जडेजा भी हमारे लिए मुश्किलें पैदा कर सकते हैं। मेजबान टीम के इस स्पिनर ने कहा कि भारतीय टीम की बल्लेबाजी काफी अच्छी है और ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों के



लिए उन्हें आउट करना आसान नहीं रहेगा। उन्होंने कहा, अगर हम एक गेंदबाजी इकाई के रूप में लंबे समय तक अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो हम भारतीय टीम को बेहतर तरीके से चुनौती दे सकते हैं। भारतीय टीम ने पिछली चार बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी जीती हैं। इसमें भी दो बार भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में जीतने में सफल रही है। 2014 के बाद से ही ऑस्ट्रेलियाई टीम को इस सीरीज में लगातार हार का सामना करना पड़ा है।

# चेन्नई पहुंची भारतीय क्रिकेट टीम, बस में बैठते दिखे खिलाड़ी

**चेन्नई**। बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से यहां के एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होने वाले पहले क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम चेन्नई पहुंच गयी है। टी20 विश्व कप के बाद ये भारतीय टीम की पहली टेस्ट सीरीज है। भारतीय टीम के चेन्नई पहुंचने का ए वीडियो भी आया है। इसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और केएल राहुल टीम बस में बैठते हुए दिख रहे हैं। बुमराह ने टी20 विश्वकप के बाद से ही कोई टेस्ट नहीं खेला है। वहीं दिसंबर 2022 में एक गंभीर कार हादसे के बाद ऋषभ इस सीरीज से वापसी करेंगे। इंग्लैंड सीरीज से बाहर रहे राहुल भी इस सीरीज में बेहतर प्रदर्शन का प्रयास



करेंगे। भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में उतरेगी। टीम में शामिल अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली भी इस सीरीज से टेस्ट क्रिकेट में वापसी करेंगे। कोहली अपने बेटे के जन्म के बाद से ही टेस्ट क्रिकेट से दूर हैं।

**भारतीय टीम इस प्रकार है :**

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद। सिराज, आकाश दीप, जसप्रित बुमरा, यश दयाल।

# इंग्लैंड टीम में शामिल ऑलराउंडर ब्रायडन के पिता ने खेला था जिम्बाब्वे से

**लंदन**। पाकिस्तान दौरे पर होने वाली तीन टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड टीम में शामिल ऑलराउंडर ब्रायडन कार्स एक ऐसे खिलाड़ी हैं जिनके पिता ने जिम्बाब्वे की ओर से खेला था। वहीं अब ब्रायडन इंग्लैंड की ओर से खेलेंगे। विश्व क्रिकेट में ऐसे कई मामले सामने आये हैं जब पिता ने किसी एक टीम से खेला है और बेटा किसी दूसरी टीम से खेलने लगे। ब्रायडन का मामला भी कुछ ऐसा ही है। इस खिलाड़ी का जन्म दक्षिण अफ्रीका के ईस्टर्न केप में हुआ था पर वह इंग्लैंड की ओर से टेस्ट डेब्यू करने जा रहा है। इंग्लैंड ने अपने 17 सदस्यीय टेस्ट दल में कार्स को जगह दी है। कार्स दाएं हाथ के तेज गेंदबाज और बल्लेबाज हैं। इस क्रिकेटर ने इंग्लैंड की ओर से एकदिवसीय और टी20 अंतराष्ट्रीय में में पहले ही डेब्यू कर लिया था। ब्रायडन के पिता जेम्स कार्स का जन्म जिम्बाब्वे में हुआ था। जेम्स कार्स अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिम्बाब्वे की ओर से नहीं खेल पाये पर फर्स्ट क्लास क्रिकेट में जिम्बाब्वे की ओर से खेलते रहे।



जेम्स ने काउंटी क्रिकेट में इंग्लैंड के नॉर्थेम्प्टन शॉयर की ओर से खेला था। साल 2019 में जेम्स ने इंग्लैंड की नागरिकता प्राप्त की थी। इंग्लैंड की टीम अगले कुछ दिनों में पाकिस्तान दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 7 अक्टूबर से मुल्तान में खेला जाएगा जबकि दूसरा और तीसरा टेस्ट मैच क्रमशः 15 और 24 अक्टूबर से कराची और रावपिंडी में होगा। कार्स ने जुलाई 2021 में पाकिस्तान के खिलाफ ही एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में डेब्यू किया था।

# आईपीएल के अगले सत्र में मुम्बई के साथ नहीं दिखेंगे रोहित : आकाश चोपड़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि रोहित शर्मा आईपीएल के अगले सत्र में मुम्बई इंडियस की ओर से खेलते हुए नहीं दिखेंगे। रोहित को आईपीएल 2024 में मुम्बई इंडियंस की कप्तानी से हटा दिया गया था। वहीं अब माना जा रहा है कि 2025 की मेगा नीलामी से पहले मुंबई उन्हें रिलीज कर सकती है। कप्तानी से हटाये जाने के बाद से ही रोहित का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा था। आकाश चोपड़ा ने कहा, यह एक बड़ा सवाल है कि रोहित मुंबई इंडियंस के साथ रहेंगे या नहीं। जहां तक मेरा मानना है कि अब उनका साथ मुंबई इंडियंस से टूटने जा रहा है। मुझे लगता है कि रोहित या तो वह स्वयं ही फ्रेंचाइजी से अलग हो सकते हैं, या मुंबई इंडियंस उन्हें छोड़ सकती है। जो भी खिलाड़ी रिटेन किए जाते हैं, उन्हें अगले तीन साल के लिए टीम के साथ जोड़ा जाता है। पर रोहित को टीम रिटने करेगी ऐसी संभावना नहीं है। चोपड़ा ने साथ ही कहा, हालांकि, मुझे इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है, लेकिन यह संभव है कि रोहित को ट्रेड विंडो में किसी अन्य टीम में भेजा जाए। अगर ऐसा नहीं होता है, तो उन्हें नीलामी में भी उतारा जा सकता है। मुंबई इंडियंस के साथ उनका सफर शायद अब आगे



बढ़ने की संभावना नहीं है। वहीं आक्रामक कल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के अभी मुंबई इंडियंस में ही रहने की संभावनाएं हैं। वहीं कहा जा रहा है कि सूर्या भी टीम से अलग हो सकते हैं पर चोपड़ा इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि सूर्यकुमार को ट्रेड किया जाएगा। मुझे ऐसी कोई जानकारी नहीं है। मेरा मानना है कि मुंबई इंडियंस सूर्या को नहीं छोड़ेगी और न ही सूर्या इस टीम से अलग होंगे।रोहित की कप्तान में मुम्बई ने पांच बार आईपीएल खिताब जीता था पर उनकी जगह पर हार्दिक को कप्तान बनाये जाने से उनके प्रशंसक नाराज हो गये थे।

## व्यापार

# शेयर बाजार की गिरावट के साथ शुरुआत

**नई दिल्ली** । बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 इंडेक्स ने शुक्रवार को अपने रिकॉर्ड उच्च स्तर के पास से गिरावट के साथ बाजार की शुरुआत की। यह गिरावट थोड़ी ज्यादा महंगाई दर और इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन इंडेक्स के उच्च आंकड़े की वजह से हुई। बीएसई सेंसेक्स 79.61 अंक की गिरावट के साथ 82,883.10 पर कारोबार कर रहा है, जबकि निफ्टी 31.55 अंक की गिरावट के साथ 25,357.35 के स्तर पर ट्रेड कर रहा है। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को शानदार तेजी देखने को मिली। बेंचमार्क इक्विटी इंडेक्स, बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी 1 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़त के साथ रिकॉर्ड हाई पर बंद हुए। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1439.55 अंक की बढ़त लेकर 82,962.71 की नई ऊंचाई पर बंद हुआ। वहीं दूसरी तरफ एनएसई निफ्टी 470.45 अंक की बढ़त के साथ 25,388.90 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। वहीं डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज 0.58 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ, एसएंडपी 500 में 0.75 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि नैस्डैक कंपोज़िट 1 प्रतिशत ऊपर रहा। यह बढ़त मुख्य रूप से टेक्नोलॉजी शेयरों के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत हासिल हुई। शुक्रवार सुबह एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अधिकांश बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। दक्षिण

## सेंसेक्स 150 अंक गिरा, निफ्टी 25,350 पर पहुंचा



कोरिया का कोस्पी सूचकांक स्थिर रहा, जबकि स्मॉल कैप कोसडैक मामूली रूप से नीचे रहा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.43 प्रतिशत गिरा, जबकि व्यापक टॉपिक्स इंडेक्स में भी 0.58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 सूचकांक सबसे अलग रहा और इसमें 0.75 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई, जिससे यह अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 8,148.7 के करीब पहुंच गया। हांगकांग के हैंग सेंग इंडेक्स फ्यूचर्स 17,294 पर थे, जो एचएसआई के अंतिम बंद स्तर 17,240 से अधिक थे। चीन के मुख्य भूमि सीएसआई 300 के फ्यूचर्स 3,176 पर थे, जो गुरुवार को इंडेक्स के पिछले बंद स्तर 3,172.47, जो कि लगभग छह वर्षों का निचला स्तर था, से थोड़ा ही अधिक थे।

# देश की मजबूत बुनियाद बताता है आर्थिक वृद्धि परिदृश्य: शक्तिकान्त दास

**सिंगापुर**। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने ब्रेटन वुड्स कमेटी सिंगापुर द्वारा आयोजित फ्यूचर ऑफ फाइनेंस फोरम 2024 में शुक्रवार को कहा कि भारत का वृद्धि परिदृश्य देश के वृहद आर्थिक बुनियाद की मजबूती को बताता है। उन्होंने कहा कि इसमें निजी उपभोग और निवेश जैसे घरेलू तत्व प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। देश की आर्थिक वृद्धि को वृहत आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के माहौल का समर्थन है। भारतीय अर्थव्यवस्था कोविड-19 महामारी के कारण आए गंभीर संकट से उबर गई और इसकी 2021-24 के दौरान औसत वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर आठ प्रतिशत से अधिक रही। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वास्तविक जीडीपी यानी आधार



मूल्य पर वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा कि यह वृद्धि दृष्टिकोण भारत के वृहद आर्थिक बुनियाद की ताकत को दिखाता है। इसमें घरेलू तत्व निजी खपत और निवेश प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। दास ने मुद्रास्फीति के बारे में कहा कि यह अप्रैल, 2022 के 7.8 प्रतिशत के उच्च स्तर से घटकर दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक दायरे में आ गई है, लेकिन हमें अभी भी एक दूरी तय करनी है और हम दूसरी तरफ देखने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। रिजर्व बैंक के अनुमानों से संकेत मिलता है कि मुद्रास्फीति घटकर 2024-25 में 4.5 प्रतिशत और 2025-26 में 4.1 प्रतिशत हो सकती है। यह 2023-24 में 5.4 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति लगातार दूसरे महीने अगस्त में रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत के औसत लक्ष्य से नीचे 3.65 प्रतिशत पर रही। जुलाई में यह पांच साल के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर थी। राजकोषीय मजबूती जारी है और मध्यम अवधि में सार्वजनिक ऋण का स्तर घट रहा है। कंपनियों के प्रदर्शन में सुधार हुआ है, जिससे उनके कर्ज में कमी आई है और लाभ के कारण मजबूत वृद्धि संभव हुई है। गवर्नर ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनियमित बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का बहीखाता भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे परीक्षणों से पता चलता है कि ये वित्तीय इकाइयां गंभीर तनाव परिदृश्यों में भी नियामकीय पूंजी और नकदी आवश्यकताओं को बनाए रखने में सक्षम होंगी।

# देशभर में फिर बढ़े सोने-चांदी के भाव

## सोने के भाव 73,250 रुपए, चांदी 87,800 रुपए के करीब

**नई दिल्ली** । देश के सराफा बाजारों में शुक्रवार को सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोने के वायदा भाव 73,250 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 87,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने चांदी के वायदा कारोबार में तेजी देखने को मिल रही है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स)पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रेक्ट 304 रुपये की तेजी के साथ 73,128 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 416 रुपये की तेजी के साथ 73,240 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की



शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉंट्रेक्ट 511 रुपये की तेजी के साथ 87,606 रुपये पर खुला। इस समय यह 685 रुपये की तेजी के साथ 87,780 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वैश्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 2,587.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,580.60 डॉलर प्रति औंस था। इस यह 12.50 डॉलर की तेजी के साथ 2,593.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 30.23 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 30.10 डॉलर था। इस समय यह 0.20 डॉलर की तेजी के साथ 30.3021 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# रुपया पांच पैसे बढ़कर




**मुंबई** । 1 विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा के कमजोर होने और विदेशी पूंजी प्रवाह के कारण शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में रुपया पांच पैसे बढ़कर 83.91 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) घरेलू मुद्रा पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया शुरुआती कारोबार में 83.92 प्रति डॉलर पर खुला और बाद में कुछ और मजबूती के साथ 83.91 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से पांच पैसे की बढ़त है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसा की मजबूती के साथ 83.96 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.06 अंक पर रहा।

# असम से बिहार तक बढ़े पेट्रोल-डीजल के भाव

**नई दिल्ली** । कच्चे तेल में लगातार गिरावट के बाद अब हल्की तेजी दिखाई दे रही है। वैश्विक बाजार में क्रूड 69.34 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर बिक रहा है। वहीं ब्रेंट क्रूड 72.33 डॉलर प्रति बैरल बिक रहा है। कच्चे तेल के भावों का पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर असर दिखता है। हालांकि, भारत में ईंधन की कीमतों में ज्यादा असर नहीं पड़ा है लेकिन कुछ राज्यों में कीमतों में उतार-चढ़ाव हुआ है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने सुबह 6 बजे पेट्रोल-डीजल के दाम अपडेट कर दिए हैं। शुक्रवार को देश के 4 महानगरों में से सिर्फ चेन्नई में पेट्रोल और डीजल क्रमशः 0.23 और 0.22 पैसे महंगा हुआ है। वहीं राज्यों में असम, बिहार, छत्तीसगढ़ और दमन-द्वीप में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं। उधर आंध्र प्रदेश और गोवा समेत कुछ राज्यों में ईंधन की




कीमतें कम हुई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये और डीजल 89.97 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 100.98 रुपये और डीजल 92.56 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये और डीजल 91.76 रुपये प्रति लीटर है। गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 94.66 रुपये और डीजल 87.85 रुपये प्रति लीटर हो गया है। गाजियाबाद में पेट्रोल 94.53 रुपये और डीजल 87.70 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.65 रुपये और डीजल 87.76 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

# किसान प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिलाधिकारी ने किया उद्घाटन

चा० भूमि मझौलिया



जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर में 15 दिवसीय 'समेकित पोषक तत्व प्रबंधन पर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। उनके अतिरिक्त जिला कृषि पदाधिकारी प्रवीन कुमार राय एवं कृषि विज्ञान केंद्र नरकटियागंज के प्रधान डॉ आर पी सिंह शामिल रहे।अतिथियों ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का उदघाटन किया। कृषि विज्ञान केंद्र माधवपुर के वरीय वैज्ञानिक अभिषेक प्रताप सिंह ने आगत अतिथियो का स्वागत किया।उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर की उपलब्धियां के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि केविके माधोपुर ने किसानों की आय में वृद्धि के लिए कई नवीन तकनीकों का सफलता पूर्वक प्रदर्शन किया है । उदाहरण स्वरूप मृदा परीक्षण आधारित उर्वरक सिफारिशें, टिकाऊ कृषि प्रणाली, जैविक खेती, और फसल विविधीकरण। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि केंद्र के प्रयासों से क्षेत्रीय किसानों में पोषक तत्व प्रबंधन और जैविक संसाधनों के उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

जिला कृषि पदाधिकारी ने समेकित पोषक तत्व प्रबंधन के महत्व के बारे में बताते हुए कहा की समेकित पोषक तत्व प्रबंधन एक अत्याधुनिक कृषि प्रणाली है, जो मृदा की उर्वरता और पौधों के संतुलित पोषण के सिद्धांत पर आधारित है। यह विधि रासायनिक उर्वरकों, जैविक उर्वरकों और हरी खाद का समन्वय कर कृषि उत्पादकता को बढ़ाने के साथ-साथ मृदा की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार लाती है। उन्होंने आगे बताया की इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियों को उर्वरकों के सही और संतुलित उपयोग के साथ मृदा परीक्षण आधारित सिफारिशों की जानकारी दी। डीएम दिनेश कुमार राय ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों से संवाद किया और उन्हें संतुलित उर्वरक उपयोग और मिट्टी के स्वास्थ्य को बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इनपुट डीलरों द्वारा उर्वरकों की सिफारिश मृदा परीक्षण के आधार पर होनी चाहिए, ताकि खाद के संतुलित और सही उपयोग से कृषि उत्पादकता बढ़ सके। साथ ही, उन्होंने प्रतिभागियों को जैविक विधियों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया।

डीएम दिनेश कुमार राय ने कृषि विज्ञान केंद्र माधोपुर का दौरा किया और मशरूम स्पॉन उत्पादन इकाई, फसल कैफेटेरिया, कम लागत वाले शेड नेट संरचना और केंद्र द्वारा विकसित एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल का निरीक्षण किया। मशरूम स्पॉन उत्पादन इकाई को देखते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि इस प्रकार की उन्नत तकनीकें न केवल स्थानीय किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाएंगी, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगी

धन्यवाद ज्ञापन में वरिष्ठ वैज्ञानिक और अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केंद्र नरकटियागंज, डॉ. आरपी सिंह किया।

# शिक्षक की भूमिका के नजर में आये एसडीएम



चाणकय भूमि,मैनाटाड़

एसडीएम सूर्य प्रकाश गुप्ता ने मैनाटाड़ प्रखंड अंतर्गत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुखलही का निरीक्षण किया। एसडीएम श्री गुप्ता मौके पर शिक्षक की भूमिका में नजर आयें। उन्होंने वर्ग कक्ष में जाकर छात्र छात्राओं से सीधा संवाद किया। छात्रों से उन्होंने कई सवाल भी किये।जिसका जबाब छात्रों ने दिया। शैक्षणिक स्थिति कैसे बेहतर हो,इस पर एसडीएम ने विशेष फोकस किया। उन्होंने छात्रों को प्रेरित किया कि वे पहले पढ़ना सीखें फिर सीखने के लिए पढ़ें। छात्रों एवं शिक्षकों के बीच भाषाई ज्ञान एवं विचारों को अभिव्यक्त करने की क्षमता का विकास करने पर जोर दिया।

संविधान की प्रस्तावना पर विस्तृत चर्चा कर बच्चों को प्रस्तावना के हरेक शब्द एवं उसके निहितार्थ को गहराई से समझने हेतु प्रेरित किया। शिक्षकों को भी शिक्षण कला में सतत विकास कर सरल संवाद के जरिए बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रयास करने का निदेश दिया।साथ ही एसडीएम ने विद्यालय चाहे कहीं भी अनुशासन में रहने पर बल दिया। मौके पर प्रधानाध्यापक मदन कुमार, शिक्षक रामरेखा राउत शिक्षक अजय कुमार, कपिल देव ठाकुर, शिक्षिका कुमारी वीणा, मनीषा कुमारी, संगीता कुमारी आदि मौजूद रहें।

# विधायक ने मंडल के कई जगहों पर चलाया सदस्यता अभियान



च० भूमि बगहा

विधायक राम सिंह ने बगहा प्रखंड के ग्रामीण मंडल में कई जगहों पर संगठन का महापर्व सदस्यता अभियान 2024 के अंतर्गत सदस्यता अभियान चलाए जिसमे सैकड़ों लोगों को भाजपा का सदस्यता ग्रहण कराए। भारतीय जनता पार्टी ने 2 सितंबर को सदस्यता अभियान शुरू किया था। अब तक आठ दिन हुए हैं और इस अवधि में बीजेपी ने दो करोड़ सदस्य बना लिए हैं। बीजेपी 10 करोड़ सदस्य बनाने का टार्गेट लेकर चल रही है।






# मैनाटाड़ हाई स्कूल में मनाया गया वन महोत्सव

चाणक्य भूमि मैनाटाड़



बेतिया वन प्रमंडल और रामनगर वन क्षेत्र के तत्वावधान में प्रखंड मुख्यालय से सटे हाई स्कूल मैनाटाड़ के खेल ग्राउंड में 75 वां वन महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर विधायक वीरेंद्र गुप्ता, बेतिया डीएफओ अतीश कुमार मौजूद रहे।मौजूद जनप्रतिनिधि व प्रबुद्ध लोगों ने दर्जनाधिक फलदार व छायेदार वृक्ष लगायें और साथ ही पेड़ पौधे के सुरक्षा का भी संकल्प लिया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर विधायक वीरेंद्र गुप्ता और बेतिया डीएफओ ने किया। कार्यक्रम का संचालन मेरी एडलिन ने किया। विधायक श्री गुप्ता ने कहा कि वृक्ष का हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण स्थान है। जीवन पर्यन्त हमें ऑक्सीजन प्रदान करता है। यदि हम खुशी के पावन अवसरों पर पौधारोपण करने व पौधे उपहार स्वरूप देने की परंपरा शुरू करने का निश्चय करें तो निसंदेह अल्प समय में ही धरा वृक्षों से हरी-भरी हो जाएगी। हम सबों को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए।

डीएफओ अतीश कुमार ने कहा कि वृक्ष ही पर्यावरण के रक्षक हैं ।इसलिए हमें पौधा लगाने के साथ ही बड़ा होने तक देखभाल करने का संकल्प लेना चाहिए। पेड़ पौधों,पर्यावरण के साथ मानव और पशु पक्षी एक दूसरे पर पारस्परिक निर्भर हैं। पर्यावरण सुरक्षित होगा तो हम सभी भी सुरक्षित रहेंगे। पेड़ पौधों का महत्व मानव जीवन में कितना अधिक है यह किसी से छिपा नहीं है। जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगायें। बेतिया वन प्रमंडल साढ़े सात लाख पेड़ लगाने का लक्ष्य पूरा कर लिया है।

मौके पर रामनगर रेंजर विजय प्रसाद,बगहा रेंजर सुनील कुमार, रेंजर जलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि इंद्रदेव कुशवाहा, प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार, कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष कुमार,अच्छेलाल राम आदि मौजूद रहें।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के 09 लाभुकों के विरुद्ध नीलाम वाद दायर

चाणक्य भूमि बेतिया

मुख्यमंत्री उद्यमी योजनान्तर्गत (09) नौ लाभुकों पर पब्लिक डिमांड रिकवरी एक्ट (PDR) के तहत निलामवाद दायर किया गया है। सभी लाभुक बिहार सरकार के उद्योग विभाग से ऋण लिये हैं, किन्तु उनके द्वारा स्थल पर इकाई कार्यरत नहीं किया गया है और न ही स्थल पर मशीन पाया गया है।

महाप्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र, श्री रोहित राज ने बताया कि लाभुक सुनिल कुमार, पिता- तुलसी राय, ग्राम पो०- लौरिया भरटोली, बगहा-01 को 10 लाख और कृष्ण कुमार यादव, पिता राजदेव यादव, ग्राम- भठहिया, पो०- पतिलार थाना- चौतरवा, बगहा-01/संजीव मधेशिया, पिता- विरेन्द्र मधेशिया ग्राम - थलवापट्टी, प्रखंड मधुबनी / राकेश पासवान, पिता- सुभाष पासवान, ग्राम- पो०- रामपुर, थाना-लौकरिया, बगहा-02/स्वेता कुमारी पति- अनुप नयन, ग्राम- सतवरिया, प्रखंड- लौरिया एवं स्नेहा कुमारी पति- सुरज कुमार गुप्ता, ग्राम- पो०- मधुबनी को 08 लाख तथा सोनम कुमारी पिता- विनोद कुमार गुप्ता, प्रकाशनगर वार्ड नं0- 13 नरकटियागंज को 7.5 लाख एवं ओम प्रकाश बैठा पिता- ईश्वर बैठा, पिपरासी को 04 लाख और बोरिस राकेश, पति- सुखदेव राम, ग्राम- जमुनीया थाना- सिकारपुर प्रखंड- नरकटियागंज को 2.10 हजार ऋण प्रदान किया गया था।

उक्त लाभुकों के द्वारा इकाई को चालू नहीं करने के कारण निलामवाद दायर किया गया है। पूर्व में भी 17 लाभुकों पर निलामवाद दायर किया जा चुका है। इस प्रकार अब तक कुल 26 लाभुकों पर निलामवाद दायर किया जा चुका है।

# सदस्यता अभियान के लीये राज्यमंत्री बनवारी लाल वर्मा रक्सौल पहुंच



चाणक्य भूमि रक्सौल

भारतीय जनता पार्टी के द्वारा चलाये जा रहे राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को मजबूती देने के लिए शुक्रवार को केन्द्र सरकार में राज्यमंत्री बनवारी लाल वर्मा रक्सौल पहुंचे। यहां बैंक रोड के श्री सत्यनारायण पंचायती मारवाड़ी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी के सदस्यता अभियान को घर-घर तक पहुंचाने की अपील करते हुए केन्द्रीय राज्यमंत्री बनवारी लाल वर्मा के द्वारा कहा गया कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी है। जिसमें कार्यकर्ताओं का एक बहुत बड़ा परिवार है। भाजपा में हर कार्यकर्ता का सम्मान है और पार्टी अपने कार्यकर्ताओं के मान-सम्मान की रक्षा के लिए काम करती है।









# एसडीएम के निरीक्षण में मिली तौल मे गडबडी

चाणक्य भूमि बगहा



प्रखंड बगहा एक परिसर में स्थित गोदाम का एसडीएम गौरव कुमार ने गुरुवार के दिन औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसडीएम ने गोदाम का निरीक्षण कर खाद्यान्न के रख-रखाव आदि का जांच किया। जहां वाहन पर खाद्यान्न लोड-अनलोड हो रहा था वहां तौल मशीन नहीं होने से एसडीएम ने नाराजगी जताई।एसडीएम के पुछताछ पर दुसरे गोदाम से पून माप-तौल कांटा मंगाया गया। एसडीएम के उपस्थित में खाद्यान्न कि बोरी तौल की गई तो 50 किलो के बोरी में 48,49,व 47 किलो वजन ही बोरी में पाया गया। जिसपर एसडीएम ने कडी नाराजगी जताई है। उनके द्वारा अपने आदत में सुधार किये जाने की चेतावनी दी गई। उन्होने चेतावनी देते हुए कहा कि जिम्मेदार लोग सुधार जाये अन्यथा सिधे नाप दिए जाओगे।

इस बावत बगहा अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार ने बताया कि गोदाम पर खाद्यान्न तौल में घटतोली की शिकायत मिल रहा थी जिसपर औचक निरीक्षण कर संबंधित लोगों को सुधार की चेतावनी दी गई है।

# पोषण अभियान की सफलता हेतु सभी विभागों का सहयोग जरूरी

चा० भूमि गौनाहा



गौनाहा प्रखंड मे बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में शुक्रवार को पोषण अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीयों की एक बैठक एसडीओ सूर्य प्रकाश गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुई। पोषण अभियान के तहत सभी विभाग के पदाधिकारी को आपस मे समन्वय बनाये रखने पर बल दिया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण मे एसडीओ ने सभी पदाधिकारियों को सुझाव दिया कि पोषण अभियान को सफल बनाने हेतु प्रत्येक विभाग आईसीडीएस को अपना सहयोग करे। मोटे अनाज के सेवन पर भी उन्होंने बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी विभाग के सहयोग से ही कुपोषण को दूर किया जा सकता है। कुपोषण से ही गर्भवती, धात्री व किशोरियों को एनीमिया कि बीमारी होती है। मौके पर सीडीपीओ कुमारी सुचेता, बीडीओ शिव जन्म राम, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर शशी कुमार, मनरेगा पीओ उमेश सिंह, सांख्यिकी सहायक कृष्ण कुमार झा, प्रखंड समन्वयक नवीन कुमार गुप्ता, डाटा ऑपरेटर असगर अली, पर्यवेक्षिका बबीता कुमारी, प्रीति कुमारी, अंजुम आरा, रूपम प्रिया, कार्यालय परिचारी साफीकुर रहमान आदि उपस्थित थे।









# शराब के साथ बाइक बरामद तस्कर चकमा देने मे कामयाब

चाणक्य भूमि नरकटियागंज

शिकारपुर थाना की पुलिस ने शुक्रवार की सुबह प्रकाश नगर में छापामारी कर 228 पीस फ्रूटी के साथ बाइक को जब्त किया है। इस सम्बंध में पुलिस निरीक्षक अवनीश कुमार के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कारोबारी शराब की खेप लेकर आने वाले है। सूचना पाकर पुलिस टीम गठित कर दरोगा उमेश कुमार को छापामारी को भेजा गया । जाँच के क्रम में बाइक सवार दो युवक पुलिस को देख जिस गली में निकलने का कोई रास्ता नहीं था उसी गली से बाइक व शराब छोड़कर भाग गये। उन्होंने बताया कि बाइक जब्त कर शराब बरामद कर लिया गया है। शराब की खेप लाने वाले की पहचान पुलिस कर रही है। और उन्हें शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

# स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा में बिहार प्रगति के पथ पर

चाणक्य भूमि

» पीएमसीएच सहित दस जिला अस्पतालों को मिली डीएनबी की मान्यता

» नेफ्रोलॉजी को दो और न्यूरोलॉजी को तीन डी आर एन सुपर स्पेशियलिटी कोर्स के लिए मिली मान्यता

पीएमसीएच सहित 10 जिला अस्पतालों को डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड) की मान्यता मिल गई है । नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस की टीम की जांच रिपोर्ट के आधार पर मान्यता मिली है। राज्य के 10 जिला अस्पतालों में दो वर्षीय (डिप्लोमा) एवं तीन वर्षीय ( डिग्री ) कोर्स के लिए कुल तैंतीस नई सीटों की मान्यता मिली है। उक्त बात की जानकारी डीएनबी कार्यक्रम के राज्य सलाहकार प्रभाकर सिन्हा ने जानकारी दी है उन्होंने बताया वर्तमान में राज्य के सभी 9 मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में विभिन्न विभागों में डी एन बी तथा सुपर स्पेशियलिटी कोर्स में मान्यता के लिए प्रयास तेज किए जा रहे हैं।

पीएमसीएच में वर्तमान में न्यूरोलॉजी के लिए तीन तथा नेफ्रोलॉजी के लिए दो सीटे मिली हैं । स्वास्थ्य विभाग का राज्य के सभी 38 जिलों के अस्पतालों को डीएनबी की मान्यता दिलाने का लक्ष्य है। लक्ष्य पूरा होने की स्थिति में चिकित्सा पीजी स्तर की सीटों की संख्या बढ़ कर एक सौ पचास हो जाने का अनुमान है।

सिन्हा ने बताया अब तक राज्य के दस जिला अस्पतालों को डीएनबी की मान्यता मिल चुकी है जिसमें बिहार मानसिक स्वास्थ्य एवं संबद्ध विज्ञान संस्थान (बिम्हास) को मनोरोग विज्ञान में चार सीटें मिलीं। समस्तीपुर सदर अस्पताल को पेडियाट्रिक्स के लिए दो सीटों की मान्यता मिली है ।मोतिहारी सदर अस्पताल को गायनोकॉलोजी में दो और पीडियाट्रिक्स में चार सीट, सीतामढ़ी को पीडियाट्रिक्स में दो और एलएनजेपी हड्डी रोग अस्पताल को चार सीट, रोहतास सदर अस्पताल को पेडियाट्रिक्स में दो, गोपालगंज को पेडियाट्रिक्स मे दो, आरा जिला अस्पताल को अनेस्थेसिआ मे दो, बेगूसराय सदर अस्पताल को भी एनेस्थीसिया मे दो, नालंदा सदर अस्पताल को पेडियाट्रिक्स मे दो, तथा पीएमसीएच को न्यूरोलॉजी में तीन तथा नेफ्रोलॉजी में दो सीटें मिली है।

डीएनबी (डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड ) में डिग्री तीन वर्ष का जबकि डिप्लोमा दो वर्ष का होता है। इसके शुरू होने से बिहार तथा बिहार से बाहर के एमबीबीएस उत्तीर्ण छात्र जिला सदर अस्पतालों में पीजी की पढ़ाई करने आएंगे। उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ सरकार की ओर से हर महीने अतिरिक्त भत्ता दिया जायेगा। बिहार राज्य के इन सर्विस मेडिकल ऑफ़िसर को डी एन बी करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए बिहार सरकार ने विशेष प्रावधान करते हुए उन्हें पढाई की अवधि में पूर्ण वेतमान देने की घोषणा भी कर दी है।












स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714